


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



शिल्पा शेट्टी ने किया अपनी नई ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 25 अगस्त 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 245 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## मुलाकात के बाद तेजस्वी यादव ने नितिन गडकरी की खूब की तारीफ, बिहार को लेकर मांगी ये सौगात

पटना। बहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की और अपने राज्य में कई सड़क परियोजनाओं पर चर्चा की। अपनी मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि नितिन गडकरी विकास को लेकर काफी सकारात्मक हैं। हमने बिहार में पिछले 11–12 वर्षों से रुके हुए प्रोजेक्टों को गति देने की बात की है। सबसे अहम मांग थी कि बिहार में अब तक कोई एक्सप्रेसवे नहीं है। हमने एक एक्सप्रेसवे की मांग की है...वह इसके लिए सकारात्मक दिखे। गडकरी से मांगः बिहार में सड़का का विभाग तेजस्वी के पास ही है। वहीं, तेजस्वी ने गडकरी के कार की भी सवारी की। उन्होंने कहा कि यह एक हाइड्रोजन कार है, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुझसे इसे आजमाने के लिए कहा है। अपने आधिकारिक एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) अकाउंट पर तेजस्वी ने गडकरी के साथ मुलाकात की कुछ तस्वीरें भी पोस्ट कीं। उन्होंने कहा, ष्आज केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से बिहार की सड़क परियोजनाओं को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।ष



इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बैठक में बक्सर से भागलपुर तक ग्र•चतमूेंल, गंगा पर जेपी सेतु के समानांतर पुल, पटना से कोइलवर एवं अनीसाबाद से दीदारगंज के बीच एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण की माँग की तथा केंद्र की लंबे अर्से से लंबित परियोजनाओं जैसे पटना–गया, हाजीपुर–छपरा, महेशखूँट–सहरसा– पूर्णिया छभ; मुजफ्फरपुर बाईपास को शीघ्र पूर्ण कराने पर विमर्श हुआ। चंद्रयान–3 पर बयानः चंद्रयान–3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग पर भी बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि इसमें केवल वैज्ञानिकों का योगदान है और हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। वे देश के सबसे प्रतिष्ठित लोग हैं। भारत का नाम ऊंचा करने के लिए मैं उन्हें सलाम करता हूं। इससे पहले, यादव बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। इस बैठक को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के खिलाफ एकजुट मोर्चा बनाने के विपक्षी दलों के चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है।

## मंत्रियों ने स्वास्थ्य भवन में होप कमांड सेंटर का किया शुभारंभ

### प्रदेश में 56 जिलों के सरकारी अस्पताल हुए सीसीटीवी से लैस

लखनऊ(आरएनएस )। अब प्रदेश के 56 जिलों में सरकारी अस्पतालों को सीसीटीवी से लैस कर दिया गया है। जिसकी निगरानी कमांड सेंटर से की जाएगी। प्रदेश के 107 जिला अस्पताल सीसी कैमरों से लैस हो गए हैं। इन कैमरों के जरिए 24 घंटे अस्पतालों पर नजर बनी रहेगी। गुरुवार को डिप्टी सीएम मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने स्वास्थ्य भवन में स्थापित होप श्हेल्थ ऑनलाइन पैरामीटर इवैल्यूएशनश कमांड सेंटर का शुभारंभ किया। जिसे पीरामल



फाउंडेशन एवं यूपीटीएसयू के त्रिपक्षीय समझौते के तहत बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से स्वास्थ्य भवन के चतुर्थ तल पर यह सेंटर स्थापित किया गया है।बता दें इस कमांड सेंटर के खुल जाने से इसका प्रमुख कार्य मॉनिटरिंग एवं प्रदेश से प्रतिदिन आने वालीं संक्रामक रोगों से संबंधित कॉलों का निराकरण करने के साथ अस्पताल की अव्यवस्थाओं की एथेंटिक इनफार्मेशन विभाग को अवगत कराना और कमियां मिलने पर सीएमएस को मैसेज भेजकर कमियों को दूर करवाना शामिल किया गया है। वहीं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि होप केंद्र इन चिकित्सालयों में मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में मदद करेगा। फिलहाल जिला अस्पतालों में यह नेटवर्क स्थापित किया गया है। बहुत जल्द सीएसची–पीएचसी को भी इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। होप में सभी हेल्थ पोर्टल्स एवं मोबाइल एप्स के लिए समसामयिक रीयल टाइम डैशबोर्ड है। जैसे ई–सुश्रुत, ई–कवच, ई–औषधि, ई–संजीवनी आदि।

## कमलनाथ बोले– शिवराज कुछ भी कहें, मतदाता किसी भी कलाकारी से गुमराह नहीं होंगे

भोपाल। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने मध्य प्रदेश में 20



साल के रिपोर्ट कार्ड को लेकर भारतीय जनता पार्टी की आलोचना की और कहा कि मतदाता किसी भी चालाकी से गुमराह नहीं होंगे। कमलनाथ ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, श्मुझे मध्य प्रदेश के मतदाताओं पर भरोसा है, चाहे सीएम शिवराज सिंह चौहान कुछ भी कहें या कोई भी रिपोर्ट पेश करें।श् उन्होंने आगे कहा, श्मध्य प्रदेश के मतदाता इस तरह के रिपोर्ट कार्ड से गुमराह नहीं होंगे।ष आपको बता दें कि मध्य प्रदेश में इस साल के आखिर में विधानसभा के चुनाव होने है। इसी कारण कांग्रेस और भाजपा के बीच वार–पलटवार का दौर भी देशने को मिलता है।

अमित शाह ने पेश किया था बीजेपी का रिपोर्ट कार्डः इससे पहले 20 अगस्त को, भाजपा ने राज्य में अपने बीस साल के शासन को प्रस्तुत किया और कहा, ष्कांग्रेस शासन के पांच दशकों के दौरान राज्य को बीमारू लोगों में गिना जाता था।ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर सत्ता में रहने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई पहलों और कल्याणकारी योजनाओं को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया। शाह ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का नाम लिए बिना कहा कि प्रदेश के लोगों ने 2003 में '' मिस्टर बंटाधार '' की सरकार को हटाकर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 20 वर्षों में राज्य को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की नींव रखी।

### कांग्रेस ने विफल राज्य बताया

कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि मध्य प्रदेश एक विफल राज्य है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने कहा कि मध्य प्रदेश भाजपा शासन के तहत एक विफल राज्य है और दावा किया कि शाह ने सत्तारूढ़ पार्टी के लिए चुनाव अभियान की कमान संभाली है और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दरकिनार कर दिया गया है। तन्खा ने दावा किया, ''शाह ने रिपोर्ट कार्ड पेश किया और दिखाया कि उन्हें पिछले 80 साल से राज्य के मुख्यमंत्री चौहान पर भरोसा नहीं है।'' कांग्रेस नेता ने तंज कसते हुए कहा, ''भाजपा सरकार ने कई निवेशक शिखर सम्मेलन आयोजित किए और कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। अगर ये अमल में आते, तो यहां के शहर बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे आईटी केंद्र बन गए होते। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और युवाओं को रोजगार देने समेत हर मोर्चे पर विफल रही है।

## कश्मीर के रेपोरा गाँव में उगता है दुनिया का सबसे उच्च गुणवत्ता वाला अंगूर, एक दाने का वजन होता है दस ग्राम

श्रीनगर। कश्मीर में अब तक सेब के उत्पादन पर ही ज्यादा ध्यान दिया जाता था लेकिन अब अंगूर की खेती पर भी जोर दिया जा रहा है जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। कश्मीर के मध्य गांदरबल जिले का एक गांव पूरी घाटी में अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाले अंगूरों के गढ़ के रूप में उभर कर सामने आया है। अंगूर की गुणवत्ता ऐसी है कि आप भी देखते रह जाएंगे। माना जाता था कि विश्व में अंगूर के सबसे बढ़िया दाने का वजन लगभग छह से सात ग्राम का होता है लेकिन कश्मीर के रेपोरा गांव में जो अंगूर उपजा है उसके एक दाने का वजन दस ग्राम है। हम आपको बता दें कि कश्मीर का रेपोरा गांव हिमालय श्रृंखला के पहाड़ों की तलहटी पर स्थित है। यहां सिंचाई के लिए पर्याप्त जल भी है और इलाका खुला होने के चलते धूप भी अच्छी



आती है जोकि अंगूर की खेती के लिए जरूरी है। रेपोरा गाँव में लगभग 60 हेक्टेयर भूमि पर अंगूर की खेती की जाती है, जिससे 750 से 900 मीट्रिक टन अंगूर की पैदावार होती है। इससे इस क्षेत्र के सैंकड़ों परिवारों को आजीविका मिलती है। इस गांव के अंगूरों को रेपोरा अंगूर के नाम से भी जाना जाता है। जब इस गांव का दौरा किया तो पाया कि इस साल फसल जल्दी पक गयी है क्योंकि तापमान अधिक था। अमूमन अंगूर की फसल सितंबर के पहले सप्ताह में कटाई के लिए तैयार होती है। एक अंगूर उत्पादक ने प्रभासाक्षी से बातचीत में कहा कि यहां इटली से भी ज्यादा बढ़िया अंगूर होता है। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले यह अंगूर बाजार में मांग के आधार पर 200 रुपये से 300 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच बिकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अंगूर उत्पादक कीटनाशकों का उपयोग नहीं करते हैं, जिसके कारण इस क्षेत्र के अंगूर की भारी मांग रहती है। उन्होंने बताया कि अंगूर उत्पादक अब पुरानी तकनीकों की बजाय नई तकनीक उपयोग कर रहे हैं जिससे काम आसान हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि अब हमारा अगला लक्ष्य जैविक अंगूर की खेती करना है।

## जी20 शिखर सम्मेलन : दिल्ली में 8 से 10 सितंबर तक बंद रहेंगे केंद्र सरकार के कार्यालय

नई दिल्ली। कार्मिक मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय 8 से 10 सितंबर तक बंद रहेंगे। भारत इस साल 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों को जारी आदेश में कहा गया है कि इस आयोजन की भव्यता और इसमें शामिल पर्याप्त साजो–सामान व्यवस्था को देखते हुए, दिल्ली में होने वाले ळ20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर दिल्ली में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों को 8 सितंबर, 2023



से 10 सितंबर, 2023 तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है।ष अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जी–20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सात से 10 सितंबर तक भारत की यात्रा करेंगे। इसमें कहा गया है कि शिखर सम्मेलन में कई राष्ट्रों और सरकारों के प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख भाग लेंगे। पिछले वर्ष इंडोनेशिया के बाली में शिखर सम्मेलन होने पर भारत ने जी20 की अध्यक्षता हासिल किया था। तब से, भारत देश भर के विभिन्न शहरों में ळ20 से संबंधित कई कार्यक्रमों, बैठकों की मेजबानी कर रहा है। जी20 कार्य समूह की एक बैठक जम्मू–कश्मीर में भी आयोजित की गई थी, जब दुनिया भर के नेताओं ने केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) में प्रगति और विकास देखा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा कारणों से सुप्रीम कोर्ट और केंद्रीय सचिवालय समेत कुछ मेट्रो स्टेशन भी बंद किए जाने की संभावना है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली में 8 से 10 सितंबर तक सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इन तारीखों पर एमसीडी कार्यालयों सहित सभी स्कूल, सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। सभी स्कूल, शहर सरकार और दिल्ली नगर निगम के कार्यालय और निजी कार्यालय अब तीन दिनों के दौरान बंद रहेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार, नई दिल्ली पुलिस जिले के अधिकार क्षेत्र में स्थित बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सभी वाणिज्यिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी 8 से 10 सितंबर तक बंद रहेंगे।

## सुखबीर बादल को हाईकोर्ट ने दी राहत, माइनिंग का केस रद्द

चंडीगढ़ । शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष एवं पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। आज हाईकोर्ट ने सुखबीर बादल के खिलाफ ब्यास थाने में दर्ज एक केस को रद्द कर दिया है। बादल के खिलाफ 1 जुलाई 2021 को एफआईआर दर्ज की गई थी। दरअसल, सुखबीर सिंह बादल ने अमृतसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ब्यास नदी में अवैध माइनिंग के आरोप लगाए थे। इसके बाद वह ब्यास नदी का दौरा करने पहुंचे थे। जबकि इससे पहले डीसी ने धारा–144 के आदेश जारी किए हुए थे, लेकिन सुखबीर बादल के कानून का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया था।






## चंद्रयान–3 की लैंडिंग के लिए चंद्रमा के साउथ पोल को ही क्यों चुना गया? इसरो प्रमुख ने दिया जवाब

नई दिल्ली। चंद्रयान–3 ने बुधवार शाम चंद्रमा की सतह पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग से पहले कई बाधाओं को पार किया और भारत को विशिष्ट अंतरिक्ष क्लब में शामिल कर लिया। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास अंतरिक्ष यान उतारने वाला पहला देश बन गया, क्योंकि इंजन में खराबी के कारण उसी क्षेत्र में चंद्रमा को छूने का रूस का प्रयास विफल हो गया था। चंद्रमा की सतह पर अंतरिक्ष यान उतारने का यह भारत का तीसरा प्रयास था। आखिरी चंद्रयान–2 को



सितंबर 2019 में चंद्रमा पर लैंडर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद आंशिक विफलता के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। इसरो चीफ एस सोमनाथ का कहना है कि चूंकि चंद्रयान–2 की हार्ड लैंडिंग हुई थी, इसलिए वे कुछ भी रिकवर नहीं कर सके और सब कुछ नए सिरे से करना पड़ा। दक्षिणी ध्रुव को क्यों चुना गयाः हालांकि, बड़ा सवाल यह भी है कि इसरो द्वारा चंद्रयान–3 की लैंडिंग के लिए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव को क्यों चुना गया। इसके जवाब में इसरो प्रमुख ने कहा कि हम दक्षिणी ध्रुव के करीब चले गए जो लगभग 70 डिग्री है। सूर्य द्वारा कम प्रकाशित होने के संबंध में दक्षिणी ध्रुव को एक विशिष्ट लाभ है। उन्होंने कहा कि चंद्रमा पर काम कर रहे वैज्ञानिकों ने दक्षिणी ध्रुव में बहुत रुचि दिखाई क्योंकि अंततः मनुष्य वहां जाकर उपनिवेश बनाना चाहते हैं और फिर उससे आगे की यात्रा करना चाहते हैं। इसलिए हम सबसे अच्छी जगह की तलाश कर रहे हैं और दक्षिणी ध्रुव में वह क्षमता है। उन्होंने कहा कि प्रज्ञान रोवर के पास दो उपकरण हैं, दोनों चंद्रमा पर मौलिक संरचना के निष्कर्षों के साथ–साथ रसायनिक संरचनाओं से संबंधित हैं। इसके अलावा, यह सतह पर चक्कर लगाएगा।

### आगे का मिशन

इसरो प्रमुख ने कहा कि हम एक रोबोटिक पथ नियोजन अभ्यास भी करेंगे जो हमारे लिए भविष्य के अन्वेषणों के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही उन्होंने आदित्य एल–1 और गगनयान मिशन के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि सूर्य के लिए आदित्य मिशन सितंबर में लॉन्च के लिए तैयार हो रहा है। गगनयान पर अभी भी काम चल रहा है। हम क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए संभवतः सितंबर या अक्टूबर के अंत तक एक मिशन करेंगे, जिसके बाद कई परीक्षण मिशन होंगे जब तक कि हम संभवतः 2025 तक पहला मानव मिशन नहीं कर लेते।

# भूमि धोखाधड़ी के अभियुक्तों पर कर्नलगंज पुलिस मेहरबान

## पीड़ित ने मुकदमे के विवेचक दरोगा मनीष कुमार पर लगाया गंभीर आरोप

दैनिक बुद्ध का सन्देश

कर्नलगंज,गोण्डा। तहसील क्षेत्र के ग्राम पिपरी राउत परगना पहाड़ापुर निवासी एक मृतक व्यक्ति के स्थान पर दूसरे व्यक्ति को खड़ा करके जालसाजों द्वारा कूटरचना,धोखाधड़ी कर जमीन बैनामा कराने और तहसीलदार न्यायालय में कर्मचारियों से मिलीभगत कर पत्रावली से अभिलेख गायब कर फर्जी आदेश पारित कराकर खतौनी में अंकना कराने एवं भूमि हड़पने के प्रयास के मामले में डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा के द्वारा काफी जांच कराए जाने के बाद कोतवाली कर्नलगंज में दर्ज कराये गये मुकदमे में पीड़ित द्वारा तमाम साक्ष्य विवेचक को उपलब्ध कराने के बावजूद साढ़े तीन महीने बीतने को हैं लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो रही है और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित ने विवेचक मनीष कुमार उपनिरीक्षक पर अभियुक्तों से मिलीभगत कर अनुचित लाभ लेकर उन्हीं के पक्ष में बात करने और अभियुक्तों के दबंग प्रभावशाली पैसे वाले व्यक्ति होने से उन्हीं के दबाव में निष्पक्ष विवेचना ना करने का गंभीर आरोप लगाते हुए डीआईजी, डीएम,एसपी सहित अन्य उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर विवेचना ट्रांसफर किए जाने की मांग की है। पीड़ित श्यामफूल पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम पिपरी राउत परगना पहाड़ापुर ने डीआईजी एवं एसपी सहित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि थाना कोतवाली करनैलगंज में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या– 247/2023 धारा 419, 420, 467, 468, 471 आईपीसी में मामले का वह वादी है।

उक्त मुकदमा 10/05/2023 को संबंधित कोतवाली करनैलगंज में पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा के द्वारा काफी जांच कराए जाने के बाद पंजी.त हुआ था,जिसकी विवेचना एस०आई० मनीष कुमार थाना कोतवाली करनैलगंज द्वारा समादित की जा रही है। उक्त मुकदमे में पीड़ित द्वारा बताया गया कि तमाम साक्ष्य विवेचक को दे चुका है फिर भी वादी मुकदमा उपरोक्त में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो रही है और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। ऐसे में उसको पूरा भरोसा हो चुका है कि विवेचक द्वारा अभियुक्तगण से अनुचित लाभ लेकर उन्हीं के पक्ष में बात करते हैं और उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्त राकेश तिवारी जो तहसील करनैलगंज में वकालत करते हैं और दबंग प्रभावशाली पैसे वाले व्यक्ति हैं उन्हीं के दबाव में विवेचक निष्पक्ष विवेचना नहीं कर रहे हैं। पीड़ित द्वारा आरोप लगाया गया कि अफवाहन पता चला है कि उक्त विवेचक अभियुक्तगणों से पैसा लेकर मिल चुके हैं। ऐसी स्थिति में उक्त मामले की निष्पक्ष विवेचना एस०आई०टी० या क्राइम ब्रांच से कराया जाना न्यायसंगत बताते हुए पीड़ित ने विवेचना ट्रांसफर किए जाने की मांग की है।

# 02 अंतर्राष्ट्रीय वाहन चोर 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर के निर्देश के क्रम में चलाये जा रहे "ऑपरेशन त्रिनेत्र" के तहत लगाए गए सी0सी0टी0वी0 फोटो की मदद से थाना पुरानी बस्ती पुलिस व सर्विलांस सेल टीम की संयुक्त कार्यवाही में थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत चोरी हुए ट्रक के सम्बन्ध में पंजी.त मुकदमा प्च्ब से सम्बंधित अंतर्राष्ट्रीय वाहन चोर यथा क्रमशः सय्यद ऐहतशाम अहमद उर्फ बाबू, मोहम्मद आरिफ को 24 घंटे के अंदर थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत सिहारी गाँव स्थित पशु चिकित्सालय के पास से गिरतार किया गया। गिरतारी व बरामदगी के आधार पर धारा की बढ़ोत्तरी कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। बताते चले आवेदक गुल अहमद पुत्र अब्दुल वहाव निवासी ग्राम निरुद्दीन चक थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराईच (उ0प्र0) द्वारा थाना पुरानी बस्ती पर लिखित प्रार्थना–पत्र दिया गया कि बहराईच मंडी से अपने ट्रक गाड़ी संख्या न्च–51–ज–4304 से माल लेकर सुरभि मील जनपद बस्ती पर लेकर आया था। गाड़ी खाली होने के उपरांत अपने खलासी साहब खान पुत्र तनवीर अहमद खान निवासी ग्राम छावनी थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराईच (उ0प्र0) के साथ मिल से बाहर आकर छभ्–28 के किनारे अपोलो टायर की दूकान के बगल में अपने ट्रक को खड़ा करके खाना खाने के लिए चला गया, जहां से वापस आने के बाद देखा कि मेरा ट्रक अपने स्थान पर नहीं है तो अपने मिलने–जुलने वालों व आस–पास के होटलों, ढाबों व पेट्रोल पम्पों पर तलाश करते हुए वहां मौजूद लोगों से पूछताछ करते हुए काफी खोजबीन किया किन्तु मेरा ट्रक कहीं नहीं मिला जिसके सम्बन्ध में मुझे आशंका है कि मेरे ट्रक को किन्हीं अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है, जिस पर थाना पुरानी बस्ती पर मुकदमा पंजी.त कर थाना पुरानी बस्ती पुलिस व सर्विलांस सेल टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में 24 घंटे के अन्दर थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत पानी टंकी के पास से सम्बंधित 02 अभियुक्तों यथा क्रमशः सय्यद ऐहतशाम अहमद उर्फ बाबू, मोहम्मद आरिफ को गिरतार कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। गिरतार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत, व0उ0नि0 कमलेश कुमार गौड़, उ0नि0 राधारमण यादव, हे0का0 ऋषिकेश मणि त्रिपाठी, हे0का0 फयानाथ भाष्कर, हे0का0 संजीत श्रीवास्तव, हे0का0 वीरेंद्र यादव, हे0का0 चालक व्यास प्रसाद, का0 राम शरण मिश्र, का0 नरेन्द्र प्रजापति, का0 आदर्श सिंह आदि रहे शामिल।



# चंद्रयान–3 के सफल लैंडिग पर राजन इंटरनेशनल एकेडमी में छात्रों को दी गयी विस्तृत जानकारी

## कठिन परिश्रम ही सफलता प्राप्त करने का एक मात्र सूत्रः सानू एंटोनी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। राजन इंटरनेशनल एकेडमी में चंद्रयान–3 के सजीव प्रसारण के लिए जारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश के क्रम में आज विद्यालय के कार्यकारी निदेशक संजीव पांडेय के निर्देशन व प्रधानाचार्य सानू एंटोनी की अध्यक्षता में विद्यार्थियों को चन्द्रयान 3 की सफल लैंडिग की विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रिंसिपल सानू एंटोनी ने विद्यार्थियों को चंद्रयान–3 के मुख्य घटक विक्रम लैंडर एवं प्रज्ञान रोवर के बारे में बताते हुए इसरो टीम द्वारा किए गए इस अद्भुत कार्य के लिए बधाई दी उन्होंने बताया की चंद्रयान–3 के मुख्य उद्देश्य क्या है कैसे विक्रम लैंडर एवं प्रज्ञान रोवर कार्य करेंगे। सफल लैंडिग पर बोलते हुए जी.यस महाविद्यालय के बी.एड विभागाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने छात्रों को चंद्रयान के भाग रोवर व लैंडर के बारे में छात्रों को अवगत कराया साथ ही साथ चंद्रमा के ऑर्बिट में घूमने वाले अन्य सेटेलाइट्स के बारे में भी जानकारी दी और चंद्रयान–2 की विफलता पर भी प्रकाश डाला।साथ ही साथ छात्रों को जीवन में सदा संघर्ष से सफलता प्राप्त करने का मूल समझाया। कार्यकारी निदेशक संजीव पाण्डेय ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा की भारत के लिए यह बहुत गर्व का विषय है उन्होंने कहा जिस प्रकार इसरो की टीम ने अथक प्रयास करके सफलता प्राप्त की है उसी प्रकार हमे भी अपने जीवन में किसी भी कार्य को बड़ा नहीं समझना चाहिए, परिश्रम करके हम कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं, इस दौरान विद्यार्थियों ने भी ध्यान पूर्वक उनकी बातों को सुना और उत्साहित दिखे। इस दौरान शिक्षा, प्रमिला, रेखा श्रीवास्तव, प्रभा त्रिपाठी, निशु उपाध्याय, पुनीत त्रिपाठी, शालिनी श्रीवास्तव, रूपा, माया शुक्ला, ज्योयी, अरुण, शहनाज़, साक्षी मिश्रा, साक्षी कसौधन, अंकिता पांडेय, प्रतीक्षा पटेल, शुभम पटेल, रिया दुबे, अर्चना पटेल, श्वेता, शारिक खान, गोपाल, किरन सिबस्टन, अर्चना द्विवेदी, सुमन दुबे, आ.ति पांडे, पूनम शालिनी, आक्षी, संगीता, जेरीन, मनीषा गुप्ता, मीज़ना, प्रगति खबास, अभिरामी, सुष्मिता मन्ना, अभिषेक पटेल, नलिन, पूजा तमांग, वैभव पांडे, अमित मिश्रा, सौरभ पांडे, जीत यदुवंश, मनीष मिश्रा, रामस्वरूप यादव अखिलेश, मोहम्मद अजीम, अरुण बहादुर श्रीवास्तव, प्रवीण मिश्रा, राम निरंजन गुप्ता आदि रहे।







## पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने किया छपिया थाने का औचक निरिक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल ने



क़ानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने एवं उसकी सत्यता की जाँच हेतु बुधवार रात्रि को छपिया थाने मे पहुंचकर औचक निरिक्षण किया तथा कार्यालय, अभिलेख पंजिका रख रखाव, आरक्षी बैरक, सहित अन्य बिंदुवो पर निरिक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।साथ ही साथ मनकापुर सर्किल के सभी बिबेचको को लंबित मामलो को सत्यता के आधार पर जल्द निबटाने के लिए निर्देश दिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मनकापुर नवीना शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक छपिया सुरेश कुमार वर्मा सहित छपिया थाने की पुलिस एवं खोड़ारे थाने के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## मानकों की अनदेखी कर बन रहा एन० आर० एल ० एम ० सेंटर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। जनपद मुख्यालय के आखिरी छोर पर स्थित ग्राम



धमोली के विकासखंड पचपेड़वा में बन रहा एन० आर ०एल ०एम ० सेंटर मानकों की धज्जियां उड़ा रहा है पूरी बिल्डिंग बनाने में हर स्तर पर खामियां दिख रही है पर सबसे ज्यादा खतरा हुआ पर बन रहे छत की है जिसे मामूली हल्के सरिये के द्वारा बनाया जा रहा है साथ ही सीमेंट बालू का भी सही मानक से उपयोग नहीं किया जा रहा है ऐसे में अगर मानकों की अनदेखी करके उक्त स्वास्थ्य भवन का निर्माण किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है पूर्व में भी इसी विकास खंड के ग्राम हरखड़ी में बन रहा था जो बनते हैं गिर गया गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुयी जिसके खुलासे के बाद थोड़ी बहुत विभागीय लिखा पढ़ी कर मामलों की इतिश्री कराई गई थी पर अच्छा होता अगर स्वास्थ विभाग समय से मामले को संज्ञान में लेता भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात किया गया तो कह रहे हैं संज्ञान लिया जा रहा है

## ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुवाई मे दिया आठ सूत्रीय ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के



राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू हेमंत राव के अगुवाई में मुख्यमंत्री के द्वारा खंड विकास अधिकारी बभनजोत को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश की तरह वेतनमान/मानदेय में बढ़ोतरी किया जाए, ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50 प्रतिशत का कोटा ग्राम रोजगार सेवक के लिए आरक्षित किया जाए, कोविड के अतिरिक्त आकस्मिक दुर्घटना से मृत्यु होने पर उसके आश्रित को सेवा में समायोजित किया जाए, ईपीएफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियों के यूएएन खाते में भेजा जाए। ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए व पदनाम ग्राम विकास सहायक किया जाए। पूर्व वित्तीय वर्षों का बकाया मानदेय दिलाए जाने सहित अनेकों मांगे मांगी गई है। इस मौके पर बाबू हेमंत राव, इसरार अली, जमुना प्रसाद, दिनेश यादव, महेंद्र, साबिर, जावेद, नसीम, रिशिन्द्र, तकनीकी सहायक प्रमोद, अशोक, पवन शुक्ला व एपीओ शिवेंद्र त्रिपाठी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# चंद्रयान–3 टीम में गोण्डा का लाल भी रहा शामिल

## परिजनों को बधाई देने वालो का लगा तांता

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोण्डा। के लाल ने चंद्रयान–3 टीम में शामिल होकर जिले का नाम रोशन किया। बभनजोत कस्बा खास निवासी किसान जहूर मुस्तफा के चार बेटे और एक बेटी में सबसे बड़े पुत्र एख़्तेदार अब्बास की प्राथमिक शिक्षा आदर्श बाल विद्या मंदिर गौरा चौकी में ग्रहण कर कक्षा 8 की शिक्षा जनता इंटर कॉलेज गौरा चौकी और कक्षा 10 की पढ़ाई केजी इंटर कॉलेज उतरौला में करने के बाद कक्षा 12 की पढ़ाई क्रिश्चियन इंटर कॉलेज लखनऊ में करने के बाद 2 वर्ष बीटेक की अलीगढ़ से की। 2010 में इंडियन ऑयल 2 वर्ष का जाब पटना में किया, जहां नौकरी समझ में ना आने पर त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद मोतीलाल नेहरू विश्वविद्यालय इलाहाबाद में एमटेक किया। और फिर 2 वर्ष देहरादून बीटेक में अध्यापन का कार्य किया। इसके बाद 2015 में इसरो में वैज्ञानिक पद पर सेलेक्शन हो गया। जरूर मुस्तफा जो किसान थे इनके चार पुत्र थे सबसे बड़े पुत्र एख़्तेदार अब्बास वैज्ञानिक हुए इनसे छोटे पुत्र यावर अब्बास अधिवक्ता है तीसरे नंबर के भाई सॉटवेयर इंजीनियर और चौथे नंबर के भाई अलीगढ़ से बीटेक कर रहे हैं। एख़्तेदार की जानकारी होने बधाई देने वालो का तांता लग गया।





## बलरामपुर चीनी मिल्स : मृतक परिवार को नौकरी मुआवजा देने की मांग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। जनपद मुख्यालय पर स्थित बलरामपुर चीनी मिल्स के केमिकल डिविजन के पावर प्लांट में हुए हादसे के मामले में मृतक सीनियर इलेक्ट्रीशियन बृजेंद्र बहादुर शर्मा की पत्नी ने घटना के संदर्भ में जहां मिल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है तो वही चीनी मिल कर्मचारी यूनियन (ईटक) के अध्यक्ष सुधांशु सिंह ने मिल प्रशासन से मृतक के पति की जगह पर पत्नी को पर पत्नी को नौकरी देने आवास जो पति को मिला था उसे यथावत मिले रहने और मृतक के लड़के लड़की की शिक्षा मिल प्रबंधन को उठाने व मृतक के परिवार को 30 लाख रुपए का आर्थिक मुआवजा तत्काल प्रभाव से मिल प्रशासन से देने की मांग की है।

## बेखौफ चोरों ने स्कूल के रसोई घर को बनाया निशाना



दैनिक बुद्ध का संदेश

बभनान,गोंडा। खोडारे थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटखास में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे अज्ञात चोरों ने विद्यालय के रसोई घर मे लगे दरवाजे के ताले को तोड.कर एम.डी.एम.पर अपना हाथ साफ कर दिये। विद्यालय मे तैनात प्रधानाध्यापक द्वारा दिए गए तहरीर के मुताविक गैस सिलेंडर, एक बोरी चावल 50 किलोग्राम, सरसों तेल 2 लीटर, एक स्टील का टेस्ला आदि पर चोरों ने हाथ साफ किया इस चोरी की जानकारी सुबह विद्यालय खुलने पर पता चली जिसके बाद स्थानीय पुलिस को चोरी की सूचना दी गयी। वहीं प्रधानाध्यापक महेश चंद्र के मुताविक यह चोरी 23 अगस्त को हुई है स वही जब इस विषय पर थाना थाना प्रभारी खोडारे से पूछा गया तो उन्होंने बताया तहरीर मिली है मामले का जांच किया जा रहा है।

## विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने सभी हिन्दू भाइयों से किया अपील

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। मंगलवार को विश्व हिन्दू महासंघ अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर बैठक कर के संगठन की एकता पर जोर देते हुए कहा कि आगामी 17 सितंबर को गोरक्ष पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि पर वृहद कार्यक्रम के साथ खिचड़ी सहभोज का कार्यक्रम रखा गया है और हर हिंदू परिवार से विश्व हिंदू महासंघ से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है वार्ता के दौरान अखिलेश सिंह ने बताया की क्षेत्र में गौ हत्या पर प्रशासन से समन्वय बना करके अंकुश लगाया जाएगा साथ ही हिंदू परिवार के उत्पीड़न पर विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ता सदैव मदद के लिए आगे रहेंगे।

# भाजपा ने शुरू किया वोटर चेतना महा अभियान, लगाया कार्यशाला










दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में वोटर चेतना महा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए वोटरों को लुभाने एवं आकर्षित करने के लिए जहां विभिन्न पार्टिया अलग–अलग दावपेच अपना रही है तो वहीं भाजपा ने प्रत्येक जनपद में वोटर चेतना महा अभियान कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया है गुरुवार को जनपद सिद्धार्थनगर के भाजपा जिला कार्यालय पर जनपद के सैकड़ो जनप्रतिनिधियों के साथ वोटर चेतना महा अभियान कार्यशाला आयोजन को लेकर बैठक की गई जिसका नेतृत्व भाजपा जिला संयोजक कन्हैया पासवान ने किया कन्हैया पासवान ने बताया कि वोटर चेतना महा अभियान के अंतर्गत सभी जगह पर एक अभियान चलाया जाएगा और वोट डालने के लिए सभी को जागरूक किया जाएगा इस बैठक में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी रामजियावन मौर्या, अमन मौर्य, रहे साथ ही नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के नगर अध्यक्ष गोविंद माधव सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुये।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिया 04 दुकानों से नमूना

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। अगस्त को जिलाधिकारी से मिले निर्देश के क्रम में आगामी रक्षा बन्धन त्यौहार के .ष्टिगत खाद्य सहायक आयुक्त जीके दूबे (खाद्य)–प्प के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्रभानु, विजय कुमार यादव,पी. के. वर्मा व आरएन वर्मा के साथ मिठवल बाजार में चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान राजकुमार मोदनवाल की मिठाई की दुकान से मिल्क केकश का नमूना, तिरुपति स्वीट हाउस, मिठवल से शहिना रसगुल्लाश, शरिकम्ड मिल्क पाउडर तथा मोहल्ला शास्त्री नगर, धानी रोड, बांसी स्थित रोहित श्ट्रेडर्स से खोयाश का नमूना संग्रहित किया गया। इस बारे में सहायक आयुक्त जीके दूबे (खाद्य)–प्प ने बताया कि त्यौहारों को देखते हुए शुद्ध खाद्य पदार्थ आम उपभोक्ताओं को मिल सके इसके लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। संग्रहित किये गए खाद्य पदार्थ प्रयोगशाला हेतु भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

## सड़क के गढ्ढे से अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, बाल बाल बचे

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका,सिद्धार्थनगर। उसका धानी मार्ग के कर्मा मोड़ के पास



गोरखपुर से नौगढ़ की ओर सुबह साढ़े नौ बजे जा रही हुंडई ग्रैंड आई टेन कार सड़क पर गड्ढा एवम सामने कुत्ता आ जाने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। चालक बाल बाल बच गया और किसी को क्षति नहीं पहुंची। प्राप्त जानकारी के मुताबिक डॉक्टर प्रशांत सिंह पुत्र चंद्रप्रकाश सिंह निवासी 59 एच सेक्टर 3 शिवपुर शहबाजगंज वार्ड 15 गोरखपुर निवासी कार संख्या यूपी 36 के 7448 हुंडई ग्रैंड आई टेन से डीएसएसओपी फार्मेसी कालेज करौदा मसिना परीक्षा लेने जा रहे थे। तभी अचानक कर्मा मोड़ के पास सड़क पर पानी भरे गढ्ढे के कारण सामने से आ रहे कुत्ते को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार का आगे का भाग क्षतिग्रस्त हो गया है। एयर बैग खुल जाने के कारण जान बच गई।

## मोटर दुर्घटना के वादों को लोक अदालत में कराएं निस्तार: विश्वनाथ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09 सितम्बर 2023 के तैयारियों के बावत मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी विश्वनाथ की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं के




साथ बैठक आहूत हुई। बैठक का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला न्यायाधीश विकास गोस्वामी ने किया। पीठासीन अधिकारी विश्वनाथ द्वारा बताया गया कि पक्षकारों को नोटिस तामिला कराई जा रही है एवं दुर्घटना वादों से संबंधित समस्त मामले आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 सितम्बर 2023 को लगाए जाएंगे। पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं से अपील किया की राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण करने का प्रयास करें। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण समाधान का सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है।

## एक माह में ही टूटने लगा लाखो के लागत से बना इंटरलॉकिंग सड़क, सरपंच–सचिव ने निकाली लाखों की राशि

दैनिक बुद्ध का सन्देश/ पंकज चौबे

सिद्धार्थनगर। गांव के विकास के लिए शासन द्वारा लाखों रुपये ग्राम पंचायतों के माध्यम से खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन ग्राम प्रधान–सचिव इस राशि से गांव का विकास न करते हुए खुद का विकास कर रहे हैं। विकास खण्ड शोहरतगढ़ में कई ऐसी ग्राम पंचायत हैं जहां सरपंच–सचिव ने बिना सीसी/इंटरलॉकिंग काम चलाऊ बनाकर लाखों रुपये की राशि निकाल ली। कई ग्राम पंचायत के लोगो ने इसकी शिकायत अधिकारियों से भी की, लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। बता दें, कि विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत परसोहिया नानकर में सरपंच सचिव द्वारा जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। पंचायतों में स्वी.त होने वाले निर्माण कार्य या तो घटिया तरीके से कराए जाते हैं या फिर मौके पर काम ही नहीं कराया जाता। खास बात यह है कि तकनीकी सहायक अपना कमीशन लेकर घटिया काम का सही मूल्यांकन कर देते हैं और सरपंच–सचिव धनराशि निकालकर बंदरबांट कर लेते हैं। पसोहिया नानकर ग्राम पंचायत में भग्गन के खेत से करबला तक इंटरलॉकिंग कार्य, करबला से महथा सड़क तक इंटरलॉकिंग कार्य, मेन रोड से धूपई के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य, जो एक महीने पहले ही करवाया गया है जिसका इचिंग अभी से उखड़ने लगा है वही ग्रामीणों की माने तो सिर्फ किनारे किनारे ही ईट का रोड़ा डालकर इंटरलॉकिंग कर दिया गया है जिसमे से कुछ परियोजना का भुगतान भी कर दिया गया है।




## तीन दिनों से बीमार पशु को नगर पंचायत कर्मचारियों ने पहुंचाया गौशाला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका,सिद्धार्थनगर। नगर क्षेत्र के सुभाष नगर वार्ड नंबर 07



में तीन दिन से बीमारी पड़ी पशु को नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कूड़े वाली गाड़ी से पहुंचाया गौशाला में बीमार पड़ी पशु को न ही पशु विभाग ध्यान दिए और न ही नगर पंचायत के जिम्मेदार देखकर बीमार पशु का लोगो का दिल बैठ गया स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार नगर पंचायत व पशु विभाग को जानकारी दी गई लेकिन किसी ने भी ध्यान नही दिया ।बीमार पशु का शरीर पूरे तरीके से घायल हो गया देखकर ऐसा लगता है कि किसी के अंदर दया की भावना है ही नही लेकिन जब स्थानीय लोगो ने नगर पंचायत पर बवाल काटना शुरू किया तो तत्काल नगर पंचायत के सफाई कर्मी और कूड़ा गाड़ी भेजकर गौशाला पर पहुंचाया गया।

## चंद्रयान –3 के सफल लैंडिंग पर मना जश्न

### केक काटकर डुमरियागंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने देश की कामियाबी की मनाई खुशी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। बार एसोसिएशन के भवन में चंद्रयान तृतीय के सफल लैंडिंग पर अधिवक्ताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने केक काटकर देश की कामयाबी की खुशी मनायी। जश्न के दौरान देश के वैज्ञानिकों के सफल प्रयास पर एक दूसरे को केक खिलाकर बधाई देते हुए भारत माता की जय का नारा लगाकर देश के गौरव के प्रति समर्पित वैज्ञानिकों के सफल प्रयास पर लोगो ने देश का गुणगान गया। गुरुवार को स्थानीय बार संगठन के भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित संगठन के पूर्व महामंत्री आशीष श्रीवास्तव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरव का दिन है हमारे देश के होनहार वैज्ञानिकों ने इस सफलता से जो इतिहास रचा है उससे हमारा देश विश्व में कीर्तिमान स्थापित कर सफलता का ध्वज चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर फहराने का काम किया है।

जहां पहुंचने के प्रयास में विश्व के सभी देश असफल रहे। मात्र भारत देश को यह गौरव प्राप्त हुआ है। इस मौके पर अधिवक्ताओं में शैलेंद्र रावत, दुर्गेश श्रीवास्तव, सरस श्रीवास्तव, रूपेंद्र मोदनवाल, शिवशंकर चर्तुवेदी, अंशु श्रीवास्तव, रमन श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, अनिल यादव ,नदीम अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।



## चंद्रयान-3 का सीधा प्रसारण होते समय गायब शिक्षक व शिक्षिका पर होगी सख्त कार्यवाही- बीएसए

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। अपर सचिव स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अवगत कराया गया था कि दिनांक . 23–08–2023 को सायं . 5.27 से 6.15 बजे चंद्रयान–3 का चंद्रमा पर उतरने की प्रक्रिया का सीधा प्रसारण ैप्ै का आधिकारिक यूट्यूब चौनल और डीडी नेशनल पर किया जाएगा। उक्त के संबंध में सभी को निर्देशित किया गया था कि जनपद के सभी विद्यालयों शैक्षणिक संस्थाओं से छात्र–छात्राओं और शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ सायं 5.15 से 6.15 बजे विशेष सभा आयोजित किया जाए और चंद्रयान–3 के उतरने के सीधे प्रसारण में सम्मिलित होने हेतु विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को आवश्यक निर्देश निर्गत करते हुए प्रसारण को दिखाने शिक्षकों व शिक्षिकाओं की सहायता से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। ड्यूटी से गायब शिक्षकों व शिक्षिकाओं इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने फोन के माध्यम से मीडिया से कहा कि जिन विद्यालयों में इसका सीधा प्रसारण दिनांक 23–08–2023 को नहीं दिखाया जा सका था उन विद्यालयों के शिक्षक को शिक्षकों को एक मौका और देते हुए दिनांक 24–08–2023 को पुनः इसका प्रसारण दिखाया जाएगा जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी और ड्यूटी से गायब सभी अध्यापकों की जांच कर सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत लगवाया गया सीसीटीवी कैमरे

### मेहदावल थाना अध्यक्ष लगातार क्षेत्र में जन सहयोग से लगातार लगवा रहे सीसीटीवी कैमरे

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र हर घर कैमरा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन पर मेहदावल पुलिस द्वारा 01 स्थान पर 08 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये हैं। कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुलिस द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मेहदावल थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया जा रहा है कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा। इसी दौरान नगर पंचायत मेहदावल करमैनी रोड जीप स्टैंड पर स्थित सुहाग कलेक्शन दुकान के प्रोपराइटर पवन कुमार के वहां थाना अध्यक्ष पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा लगवा कर व्यापारी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया लोगों से अपील की गई सभी लोग अपनों घरों के सामने लगवाएं सीसीटीवी कैमरे।

## हीरालाल डिग्री कॉलेज में 25 अगस्त को लगेगा रोजगार मेला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। जिला सेवा योजन अधिकारी शैलेद्र कुमार शुक्ल ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, कौशल विकास मिशन एवं राजकीय आई0टी0आई0, संत कबीर नगर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक–25.08.2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक, हीरालाल रामनिवास डिग्री कालेज परिसर, खलीलाबाद, संत कबीर नगर में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियॉ बी0के0टी0 टायर्स, मदरसन सेमी सिस्टम लिमिटेड, यजाकी, ब्राईट यूचर आर्गेनिक हर्बल्स लि0 एवं डिक्सन टेक्नोलॉजीज प्रा0 लि0 आदि लगभग 350 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही हैं। उक्त मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, स्नातक, एवं आई0टी0आई0, डिप्लोमा, कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत प्रशिक्षित आदि में उत्तीर्ण होने चाहिए। रोजगार मेलें में प्रतिभाग करने के लिए सेवायोजन विभाग के वेव पोर्टल



ेूमूंलवरंद.नच.दपब.पद पर पंजी.त अभ्यर्थी लॉगिन करके नियोजकों व उनके यहॉ उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, दो फोटो एवं बायोडाटा के साथ कोविड–19 नियमों का पालन करते हुए मेले में सम्मिलित हो सकते हैं। रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु प्रतिभागियों को कोई मार्ग–व्यय देय नही होगा। विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय, संत कबीर नगर में सम्पर्क कर सकते हैं।

# सम्पादकीय

**बेशक उन व्यवस्थाओं पर अमेरिका का नियंत्रण रहा है। इसके अलावा ब्रिक्स की अपनी करेंसी शुरू करने की चर्चा भी रही है, हालांकि अब संकेत हैं कि यह मुद्दा इस बार एजेंडे पर नहीं है। इसके बजाय ब्रिक्स देश आपसी मुद्राओं में अपने अंतरराष्ट्रीय लेन–देने के भुगतान को बढ़ावा देने पर जोहानेसबर्ग में विचार करेंगे। यह चलन जितना बढ़ेगा...**

## ब्रिक्स की शिखर बैठक




उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले ब्रिक्स के बाहर के कम–से–कम 23 देशों ने इस समूह से जुडने की अर्जी दी है। कयास गया है कि नए रूप में ब्रिक्स अगर एक स्वायत्त व्यापार व्यवस्था कायम करने की तरफ बढ़ा, तो उससे मौजूदा व्यवस्थाएं कमजोर होंगी। पांच देशों– ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका– के समूह ब्रिक्स की शिखर बैठक को लेकर जैसी जिज्ञासा अभी देखने को मिल रही है, वैसा 15 साल के इस समूह के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। पश्चिमी मीडिया में महीनों से यह चर्चा सुर्खियों में रही है कि मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के शहर जोहानेसबर्ग में शुरू हो रहे तीन दिन के शिखर सम्मेलन से दुनिया पर पश्चिमी वर्चस्व के लिए एक नई चुनौती खड़ी होगी। हालांकि ब्रिक्स देशों ने लगातार यह स्पष्टीकरण दिया है कि यह समूह महज आपसी आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने का मंच है और इसे हार–जीत की सोच के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए, लेकिन पश्चिमी मीडिया में इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है। चूंकि जोहानेसबर्ग में एक बड़ा मुद्दा ब्रिक्स समूह के विस्तार है, इसलिए पश्चिमी देशों के कान खड़े हुए हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले ब्रिक्स के बाहर के कम से कम 23 देशों ने इस समूह से जुडने की अर्जी दी है। इनमें सऊदी अरब जैसा धनी और तेल समृद्ध देश भी शामिल है। इससे यह कयास गया है कि नए रूप में ब्रिक्स अगर एक स्वायत्त व्यापार एवं मौद्रिक व्यवस्था कायम करने की तरफ बढ़ा, तो उससे दूसरे विश्व विश्व युद्घ के बाद से चल रही व्यवस्थाएं कमजोर होंगी। बेशक उन व्यवस्थाओं पर अमेरिका का नियंत्रण रहा है। इसके अलावा ब्रिक्स की अपनी करेंसी शुरू करने की चर्चा भी रही है, हालांकि अब संकेत हैं कि यह मुद्दा इस बार एजेंडे पर नहीं है। इसके बजाय ब्रिक्स देश आपसी मुद्राओं में अपने अंतरराष्ट्रीय लेन–देने के भुगतान को बढ़ावा देने पर जोहानेसबर्ग में विचार करेंगे। यह चलन जितना बढ़ेगा, निर्विवाद रूप से उससे अमेरिकी डॉलर का दबदबा कमजोर होगा। यह भी निर्विवाद है कि ब्रिक्स के भीतर चीन की एक प्रभावशाली उपस्थिति है। इस कारण विस्तृत होता ब्रिक्स मंच चीन का प्रभाव रोकने की पश्चिम की कोशिश के विपरीत दिशा में जाएगा। तो कुल मिला कर इस पृष्ठभूमि के बीच ब्रिक्स शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है। लाजिमी है कि वहां होने वाली चर्चाओं और उनके संभावित परिणामों पर दुनिया की निगाह टिकी हुई है।

## कालिदास ने कुमारसंभवम में माता पार्वती के रूप पर लिखा



कालिदास संस्ृत भाषा के ऐसे कवि हैं जहां लोक उनकी कविता में है। माता पार्वती का एक नायिका के रूप में चित्रण करने वाले वे बिरले कवि हैं। माता पार्वती के विषय में वे कुमार सम्भव में लिखते हैं कि पार्वती ने बाल्यावस्था के बाद की वय अर्थात तारुण्य प्राप्त किया। पार्वती ने सुंदर शरीर के लिए स्वयं सिद्ध आभूषण बनने वाले , मदिरा का नाम न होने पर भी मद उत्पन्न करने वाले तथा कामदेव के पुष्प बाणों से भी बढ़कर अस्त्र बनने वाले बाल्यावस्था के बाद का वय यौवन प्राप्त किया। (कामस्य पुष्पव्यति रिक्तमस्त्रम/ बाल्यात्परम साथ वयहः प्रपेदे ।।) कालिदास आगे लिखते हैं कि उन्मीलितम तूलिकयेव चित्रम अर्थात नए यौवन से ( शरीर के विभिन्न अंगों में ) अभिव्यंजित उसका शरीर तूलिका से उकेरे गए चित्र के समान और सूर्य की किरणों से खिले कमल के समान सभी ओर से शोभित होने लगा। ऊपर उठती पैर के अंगूठों के नखों की किरणों के कारण पाद न्यास से लालिमा को बाहर निकालते हुए से लगने वाले उसके चरणों ने पृथ्वी पर चलती फिरती स्थल कमल की शोभा को ग्रहण कर लिया। विद्योपदेश द्वारा विद्या ग्रहण करने के लोभी और नुपुर की झंकार को पाने के इच्छुक राजहंसों ने मानों उस नतांगी पार्वती को विलास से शोभित पादन्यादों वाली गति की सीख दी। महाकवि कालिदास ने कुमार संभव में पार्वती की दोनों जांघों का वर्णन किया है।

मैं शिव भक्त हूं। इसके आगे का वर्णन करने के लिए कालिदास ने माता पार्वती को नायिका पार्वती मानते हुए जो कुछ लिखा है, मैं उसे लिख पाने में असमर्थ हूं। पार्वती जी मेरे लिए नायिका नहीं बल्कि माता के समान हैं। मैं मां की सुंदरता में बस इतना ही लिखूंगारू

है प्रचंड आवेग,पार्वती की आंखों में।
ममता पूरी मिल जाएगी, माता की साखों में।।

कहते हैं कि कुमार संभव की रचना के पश्चात महाकवि कालिदास को कोढ़ हो गया था। उससे निजात पाने के कालिदास ने उत्तर राम चरितम की रचना की। किंतु एक बात यह ध्यान देने योग्य है कि कालिदास जिस समाज में रह रहे थे वह राम मय रहा हो। उसे शैव और वैष्णव संघर्ष के रूप में भी देखा जा सकता है।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश**

## टमाटर तय कर रहे पत्रकारिता की कीमत

**इसलिये कभी सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने तथा महंगाई के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चूड़ी भेजने वाली केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से एक समाचार चौनल की रविवार को आयोजित शिखर वार्ता के दौरान जब पूछा गया कि– श्परिजनों के साथ टमाटर का इस्तेमाल करते हुए वे इसकी बढ़ी हुई कीमतों के बाबत क्या सोचती हैं ?श, तो टेढ़े सवालों की अब आदी नहीं रह गयीं मंत्री ने कहा–यह...**

देश में विभिन्न वस्तुओं की बढ़ती कीमतें हमेशा चर्चा में रहती हैं। शायद ही ऐसा कोई शासनकाल रहा हो जब महंगाई पर सवाल न उठाये गये हैं, और सरकारों ने जवाब न दिये हों। इन दिनों टमाटर सुर्खघ है। उसकी आसमान छूती कीमतें जनसामान्य को परेशान तो करने के बाद वैसे अब उतार पर हैं। हर किसी की रसोई की अनिवार्यता कहे जाने वाले टमाटर की कीमतें अभूतपूर्वऊंचाई को छूकर उतर तो चुकी हैं लेकिन लगता है कि महंगे टमाटर वर्तमान निजाम के दौर में बहस के योग्य नहीं हैं– वैसे ही जैसे अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के बढ़ते दाम भी नहीं रहे। यह दीगर बात है कि जिन मुद्दों का हो–हल्ला कर भाजपा केन्द्रीय सत्ता पर 2014 में काबिज हुई है, उनमें से एक महंगाई थी। यह आज के हुक्मरानों और विपक्ष के तत्कालीन झंडाबरदार नेताओं के लिये डायन थी जिसने जनता को बहुत हलाकान किया था। 2014 के पहले जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी, तो महंगाई हमेशा बड़ा मुद्दा होती थी। होना भी चाहिये क्योंकि आम आदमी के बजट को बिगाड़ने से लेकर उसकी कमर तोड़ने का यह काम करती है। बहुत पुरानी बातें छोड़ भी दी जायें तो आज जो नेता भाजपा के संगठन व सरकार में बड़े ओहदे सम्हाले बैठे हैं उनमें से ज्यादातर ने इस सरकार के आने के पहले महंगाई के खिलाफ आंदोलनों में हिस्सा जरूर लिया होगा या जिनकी खाली सिलेंडरों के साथ अथवा महंगी सब्जियों की मालाएं पहने हुए तस्वीरें प्रकाशित हुई होंगी। वे इसके लिये पूर्व की सरकारों पर जमकर हल्ला बोलते थे और संसद के बाहर–भीतर आवाजें उठाते थे। इसमें कोई बेजा बात नहीं है और विपक्ष के नाते यह उनका कर्तव्य भी था। निजाम बदला। हुक्मरान बदलेय और परिस्थितियां बदलीं। जो लोग पहले महंगाई को पानी पी–पीकर कोसते थे, अब उनके गले सूखने बन्द हो गये हैं। भाजपा का शासन काल ऐसा है जो किसी भी मुद्दे पर न संवाद करता है और न जवाब देता है। फिर वह चाहे भ्रष्टाचार हो या फिर उसके द्वारा लिये गये गलत आर्थिक फैसलों के दुष्परिणाम हों, चीन द्वारा की गई घुसपैठ हो या पुलवामा कांड अथवा कोरोना के दौरान स्वास्थ्य सम्बन्धी कुप्रबंधन। किसी भी विषय पर सरकार ने कभी अपने कर्तव्यों को पूरा नहीं किया और न ही जवाबदेही की भावना का प्रदर्शन किया। कोई भी फैसला कैसे लिया गया, इस प्रक्रिया से लोगों को हमेशा अनभिज्ञ रखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या उनकी सरकार का कोई भी मंत्री, शायद ही किसी विषय पर जनमानस को संतुष्ट कर पाया हो। चूंकि सारी शक्तियां स्वयं मोदी के अधीन हैं, अन्य मंत्रियों, अधिकारियों, संस्थाओं, विभागों की हैसियत आज हां में हां मिलाने से अधिक कुछ भी नहीं रह गई है। जब स्थिति ऐसी हो तो किसी भी बात का कोई स्पष्टीकरण हो ही नहीं सकता। केन्द्र सरकार हो या देश के किसी भी राज्य की भाजपा प्रणीत सरकार, यह नहीं बता पा रही है कि जो पेट्रोल पहले 40–45 रुपये का होकर भी महंगा था, वही आज 100 रुपए का होकर भी सस्ता कैसे है? ऐसे ही, डीजल, रसोई गैस, तेल, मसाले, सब्जियां आदि महंगी होकर भी सरकार व उसके नेताओं एवं समर्थकों को सस्ती क्यों लगती हैं? इस पूरे काल का मूल्यांकन जब भी होगा, तय है कि मीडिया अपनी चुप्पी के लिये सर्वाधिक कोसा जायेगा। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में स्वीकृत मीडिया राजसत्ता को गैर जिम्मेदार और लोकविरोधी बनने में प्रमुख सहायक संस्थान के रूप में याद किया जायेगा। मीडिया ने महंगाई के परिप्रेक्ष्य में इस झूठ को फैलाने और उसे लोगों द्वारा आत्मसात किये जाने में प्रमुख भूमिका निभाई कि कीमतें इसलिये बढ़ाई गई हैं कि इससे देशविरोधी ताकतों से लड़ने में सरकार को मदद मिल रही है। वैसे अकेला राष्ट्रवाद इस महंगाई को बढ़ाने का जिम्मेदार नहीं है। समाज में हिंसा और नफरत का जो वातावरण बनाया गया है उसने भी सरकार को महंगाई बढ़ाने का औचित्य प्रदान किया है। एक बड़ा वर्ग मानता है कि मोदी सरकार बहुसंख्यकों के धर्म की रक्षा कर रही है इसलिये उसकी इतने छोटे कारण से आलोचना नहीं की जानी चाहिये। मीडिया ने राष्ट्रवाद, हिंसा और परस्पर घृणा को बढ़ावा देने के सरकार व भाजपा के कृत्य को मास्टर स्ट्रोक कहकर हमेशा महिमा मंडित किया तथा खुलकर समर्थन दिया, जिससे सरकार को हौसला मिला कि वह अड़चन में डालने वाले सवालों पर या तो ध्यान न दे या पूछने वालों को ही अपमानित या प्रताड़ित करे। जिनकी सरकार विरोधी के रूप में शिनाख्त हो जाती है, उन्हें सीधे जेलों का रास्ता दिखाया जाता है– फिर चाहे वे पत्रकार हों या फिर कोई स्वयंसेवी संगठन। महंगाई भी एक ऐसा ही विषय है जो सत्ता को असहज करता है।

इसलिये कभी सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने तथा महंगाई के मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चूड़ी भेजने वाली केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से एक समाचार चौनल की रविवार को आयोजित शिखर वार्ता के दौरान जब पूछा गया कि– श्परिजनों के साथ टमाटर का इस्तेमाल करते हुए वे इसकी बढ़ी हुई कीमतों के बाबत क्या सोचती हैं?श, तो टेढ़े सवालों की अब आदी नहीं रह गयीं मंत्री ने कहा–श्यह वैसा ही है जैसे आपसे कोई पूछे कि जेल में बिताये दिनों के बारे में आप क्या सोचते हैं?श उल्लेखनीय है कि जिस पत्रकार से मंत्री ने ऐसा कहा, वे एक बड़े उद्योग समूह के अधिकारी से पैसे उगाही के आरोप में जेल में समय काट चुके हैं। सरकार के हर गलत काम के साथ खड़े होने वाले मीडिया की कीमत जब आज अदने से टमाटर ने तय कर ही दी है तो हर ऐसे पत्रकार व मीडिया संस्थान को सोचने की जरूरत है जो निजी स्वार्थों के चलते सरकार का साथ देते हैं।

## चीनी अर्थव्यवस्था : टाइम बम की टिक-टिक

**विदेशी निवेश के आकषर्ण के लिहाज से अब भारत चीन से आगे निकल चुका है। निवेश प्रबंधन फर्म इन्वेस्को की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 21,000 अरब डॉलर की संपत्ति रखने वाले 57 केंद्रीय बैंकों एवं 85 सरकारी संपत्ति कोषों के एक सर्वेक्षण में सर्वाधिक उभरते बाजार के रूप में चीन की बजाय भारत को चुना गया है। चीन की विस्तारवादी नीति और ताइवान पर उसके हमले की आशंका ...**

प्रो. लल्लन प्रसाद

कोरोना महामारी चीन से उठी, सारी दुनिया में फैली, वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट में आ गई। चीन खुद भी बुरी तरह प्रभावित हुआ जिससे अभी तक उबर नहीं पाया।

उसकी अर्थव्यवस्था पटरी पर अभी तक लौट नहीं पाई। जुलाई, 2023 के प्रकाशित आंकड़े अर्थव्यवस्था की गिरती स्थिति के द्योतक हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो वाइडेन का मानना है कि चीन की वर्तमान मंदी वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए टाइम बम बनती जा रही है, धमाका कभी भी हो सकता है। चीनी राष्ट्रपति को डिक्टेटर की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा है कि बुरे लोग जब संकट में आते हैं, तो काम भी बुरा ही करते हैं। आर्थिक दृष्टि से कमजोर बहुत सारे देश चीन से अधिक ब्याज पर लिए ऋण से दबे हुए हैं, चीन कर्ज वापस मांग रहा है किंतु अधिकांश कर्जदार देश वापस करने की स्थिति में नहीं हैं, इसके बदले चीन उनकी संपत्ति पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। चीन का केंद्रीय बैंक और कर्ज देने से हाथ खींच रहा है, कर्ज से निर्माणाधीन बड़े–बड़े प्रोजेक्ट अधर में लटके हुए हैं, चीन अब अपने ही कर्ज जाल में फंसता चला जा रहा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में चीन का महत्त्वपूर्ण स्थान है। चीनी माल से दुनिया भर के बाजार पटे पड़े हैं। चीन की अर्थव्यवस्था में होने वाली हलचलें विश्व बाजार को प्रभावित करती हैं। अमेरिका चीन को अपना सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी मानता है। चीन का प्रभाव रोकने के लिय समय समय पर कदम उठाता रहा है, जिसमें चीन पर निर्भरता कम करने, चीन में निवेश प्रोत्साहित न करने और प्रतिबंध लगाने, अमेरिका में शोधपरक महत्त्वपूर्ण सामरिक तकनीकी जानकारी चीन को न देने आदि शामिल हैं। वाशिंगटन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल फाइनेंस की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में चीन से अमेरिका की तरफ धन का आउटफ्लो 300 अरब डॉलर का हुआ जो 2021 में मात्र 135 अरब डॉलर था। हाल के वर्षो में भारत के साथ व्यापार और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने की अमेरिकी नीति का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य चीन के प्रभाव और उसकी दादागिरी रोकने का है। चीन का आंतरिक अर्थतंत्र कमजोर हो रहा है। परिवार नियोजन के सख्त कानून से चीन की जनसंख्या अब घटने की स्थिति में आ गई है। बच्चों और जवानों की संख्या में कमी और बूढ़ों की आबादी में बढ़ोतरी हो रही है। 16–24 वर्ष की उम्र के 20 फीसद से अधिक नौजवान बेरोजगार हैं। वृद्धावस्था की पेंशन और समाज कल्याण पर सरकार का खर्च तेजी से बढ़ रहा है। श्रम की कमी हो रही है और उसकी कीमत बढ़ रही है। चीनी वस्तुओं की कीमत कम होने का एक बड़ा कारण सस्ता श्रम रहा है जो अब समाप्त हो रहा है, चीजों की उत्पादन लागत बढ़ रही है। चीन की सबसे बड़ी कंपनी अलीबाबा ने खर्चे में कटौती के तहत 100 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। कंपनी की आय पिछले वर्ष की अपेक्षा 50 फीसद कम हुई है। विश्व की बड़ी कंपनी वर्कशार हैथवे, जिसके मालिक वारेन बफे हैं, के वाइस प्रेसिडेंट चार्शी मंगल ने अलीबाबा के शेयर भारी मात्रा में बेच दिए हैं, जिससे निवेश बाजार में चीन के खिलाफ संदेश गया है। बाजार में मंदी होने से चीन का निर्यात तेजी से घटा है, पिछले 1 साल में उसमें 14 फीसद की गिरावट आई है। अमेरिका यूरोप और एशिया के केंद्रीय बैंकों द्वारा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी के चलते वैश्विक मांग कमजोर पड़ गई है जिसका चीनी निर्यातकों पर बुरा असर पड़ा है। कल कारखाने पूरी क्षमता में काम नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि वस्तुओं की मांग आंतरिक और विदेशी बाजार, दोनों में गिरती जा रही है। विकास दर पिछले साल के 8 फीसद से इस वर्ष के अनुमानित पांच फीसद के लक्ष्य से भी नीचे है। खुदरा व्यापार पिछले वर्ष की तुलना में 4.5 फीसद से 2.5फीसद पर, औद्योगिक उत्पादन 4.4 फीसद से 3.7 फीसद पर आ गया है, मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 50 फीसद से नीचे आ चुका है, जो औद्योगिक उत्पादन की गति में गिरावट की स्थिति दिखाती है। अंतरराष्ट्रीय कंपनियां चीन में अपना निवेश कम कर रही हैं, दूसरे विकासशील देशों में अधिक निवेश कर रही हैं, जो चीन की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है। खाने की वस्तुएं और ईंधन के दाम आसमान छू रहे हैं। चीन का प्रॉपर्टी बाजार संकट में है। पिछले 2 वर्षो में रिहायशी फ्लैट्स की कीमतों में तेजी से गिरावट आई है, कमर्शियल फ्लोर स्पेस की कीमत में 22फीसद से अधिक गिरावट दर्ज की गई है, कमर्शियल बिल्डिंग्स से राजस्व में 26 फीसद से अधिक की कमी आई है। चीन की अर्थव्यवस्था का आकार 17 बिलियन डॉलर का है, जिसका एक चौथाई प्रॉपर्टी सेक्टर से आता है। 2020 में चीन ने घरों की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए डवलपर्स द्वारा अधिक ऋण लेने पर लगाम लगा दिया था जिसके फलस्वरूप प्रॉपर्टी बाजार में अस्थिरता आ गई जो अभी बनी हुई है। डॉलर के मुकाबले चीनी मुद्रा की कीमत बराबर नीचे आ रही है। चीन अपने आप को सबसे ताकतवर देश भले समझता हो किंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही है। चीन के सरकारी आंकड़ों की विसनीयता पर भी घेरे में है। विदेशी निवेश के आकषर्ण के लिहाज से अब भारत चीन से आगे निकल चुका है। निवेश प्रबंधन फर्म इन्वेस्को की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 21,000 अरब डॉलर की संपत्ति रखने वाले 57 केंद्रीय बैंकों एवं 85 सरकारी संपत्ति कोषों के एक सर्वेक्षण में सर्वाधिक उभरते बाजार के रूप में चीन की बजाय भारत को चुना गया है। चीन की विस्तारवादी नीति और ताइवान पर उसके हमले की आशंका को लेकर भी विदेशी निवेशक चीन में निवेश करने से कतरा रहे हैं। अनेक अंतरराष्ट्रीय कंपनियां चीन में अपना कारोबार समेट कर भारत में कारखाने लगा रही हैं। पर्यटन परामर्श कंपनी आईपीसी इंटरनेशनल के अनुसार 2022 में भारत पहली बार एशिया में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का सबसे बड़ा स्रोत बन गया है। भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर मार्केट बन गया है। पिछले एक दशक में भारत वर्ल्ड इकनोमी में दसवें से पांचवें स्थान पर आ गया है। अगले कुछ वर्षो में जर्मनी–जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर आ जाएगा। गोल्डमैन सैक्स के अनुसार 2075 तक भारत चीन के बाद विश्व की दूसरी सबसे बड़ी 52.5 ट्रिलियन डॉलर की इकनोमी बन जाएगी।




# पाकिस्तान के खिलाफ ऐसी हो सकती है टीम इंडिया की प्लेइंग 11, इस युवा खिलाड़ी को मिलेगा मौका?

भारतीय टीम ने जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में शानदार जीत के साथ अपना आयरलैंड का दौरा पूरा किया। अब भारत के सामने एशिया कप 2023 की अग्निपरीक्षा है। जहां उसे अपने अभियान की शुरुआत अपने चिर परिचित प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 2 सितंबर से करनी है। बता दें कि, आयरलैंड दौरे पर गई भारतीय टीम से जसप्रीत बुमराह समेत 4 खिलाड़ी ही एशिया कप में खेलते नजर आएंगे। बाकी तीन खिलाड़ी स्पिन ऑलराउंडर तिलक वर्मा, विकेटकीपर संजू सैमसन और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैं, जो एशिया कप की टीम में शामिल हैं।




पाकिस्तान के खिलाफ राहुल–श्रेयस बैठ सकते हैं बाहर

एशिया कप का आगाज 30 अगस्त से होगा। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में भारतीय टीम एक मजबूत प्लेइंग इलेवन के साथ उतरेगी। पहले ही मैच में तिलक वर्मा को मौका मिल सकता है, जिस कारण उनका ये पहला वनडे मुकाबला हो सकता है। दरअसल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल चोट के बाद एशिया कप के लिए चुने गए हैं। लंबे समय से उन्होंने कोई भी वनडे मैच नहीं खेला है।

नंबर 4 पर तिलक वर्मा!

वहीं केएल राहुल शुरुआती 1–2 मुकाबलों से बाहर रह सकते हैं। जबकि अय्यर का पाकिस्तान के खिलाफ खेलने पर संस्पेंस है। इसलिए इन दोनों की जगह चौथे नंबर पर तिलक वर्मा को मौका मिल सकता है। क्योंकि, राहुल और अय्यर पर रोहित शर्मा दांव नहीं खेल सकते हैं।

हाल ही में तिलक वर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। इस दौरान उन्होंने 4 टी20 मैचों में नंबर 4 पर बल्लेबाजी की। जबकि एक मुकाबले में उन्हें नंबर 5 पर उतारा गया। उन्होंने विंडीज के खिलाफ 5 टी20 मैचों में 57 की एवरेज से 173 रन बनाए।

भारतीय टीम में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन और केएल राहुल शामिल है। जबकि संजू सैमसन को स्टैंड बाय खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। एशिया कप के पहले मुकाबले में इशान किशन को मौका मिल सकता है। जबकि ओपनिंग जोड़ी के रूप में कप्तान रोहित शर्मा का साथ शुबमन गिल दे सकते हैं। विराट कोहली नंबर 3 पर तो नंबर 5 और 6 पर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा उतर सकते हैं।

तेज गेंदबाजी के मामले में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद शमी और सिराज टीम को मजबूती देंगे। जबकि स्पिन विभाग की कमान रवींद्र जडेजा के कंधों पर होगी। जडेजा का साथ कुलदीप यादव या फिर अक्षर पटेल दे सकते हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन

रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर/तिलक वर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पेटलध्कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

# इन स्टेडियम में होंगे वर्ल्ड कप के वॉर्म–अप मैच, यहां देखें पूरा शेड्यूल

अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वनडे वर्ल्ड कप




2023 के तहत होने वाले अभ्यास मैचों का शेड्यूल भी घोषित कर दिया गया है। शेड्यूल के मुताबिक, वर्ल्ड कप से पहले सभी 10 टीमें 2–2 अभ्यास मैच खेलेंगी। सभी मुकाबले तीन वेन्यू, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम और हैदराबाद में खेले जाएंगे।

सभी टीमें 2–2 अभ्यास मैच खेलेंगी

आईसीसी ने सोशल मीडिया पर वॉर्म–अप मैचों का शेड्यूल जारी किया। इसके तहत रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम भी वर्ल्ड कप से पहले दो वॉर्म–अप मैच खेलेगी। इसमें टीम इंडिया 30 सितंबर को पहला अभ्यास मैच इंग्लैंड के खिलाफ गुवाहाटी में खेलेगी।

वहीं दूसरा मैच तीन अक्टूबर को नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेगा। ये मुकाबला तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों अभ्यास मैचों में इंग्लैंड के खिलाफ कड़ा मुकाबला होगा, जिसमें अपनी ताकत आजमाने का मौका रहेगा।

सभी मैच दोपहर के दो बजे से खेले जाएंगे जबकि टीम के सभी 15 खिलाड़ियों को इसमें भाग लेने की अनुमति होगी। भारत में पांच अक्टूबर से वर्ल्ड कप 2023 का आगाज होना है। जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। जबकि फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को खेला जाएगा।

वर्ल्ड कप 2023 वॉर्म–अप मैचों का शेड्यूल

29 सितंबरः बांग्लादेश बनाम श्रीलंका, बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी साउथ अफ्रीका बनाम अफगानिस्तान, तिरुवनंतपुरम, ग्रीनफील्ड स्टेडियम न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान, राजीव गांधी स्टेडियम, हैदराबाद

30 सितंबरः भारत बनाम इंग्लैंड, बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड, तिरुवनंतपुरम, ग्रीनफील्ड स्टेडियम

2 अक्टूबर : इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश, बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, तिरुवनंतपुरम, ग्रीनफील्ड स्टेडियम

3 अक्टूबर : अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका, बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी भारत बनाम नीदरलैंड, तिरुवनंतपुरम, ग्रीनफील्ड स्टेडियम पाकिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया, राजीव गांधी स्टेडियम, हैदराबाद

# ब्रीफिंग के लिए जा रहे थे सभी, तभी पीएम मोदी और शी जिनपिंग के बीच हुई संक्षिप्त बातचीत

जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच संक्षिप्त बातचीत हुई। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में पीएम मोदी को चीनी राष्ट्रपति से बात करते हुए देखा गया जब वे ब्रिक्स नेताओं की ब्रीफिंग के लिए जा रहे थे। तीन साल पहले गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच हुई झड़प के बाद मोदी और शी जिनपिंग के बीच यह पहली बातचीत है। इससे पहले बुधवार को प्रधानमंत्री और जिनपिंग ने पूर्ण सत्र में भाग लिया था, लेकिन फोटोग्राफ सत्र के दौरान अलग–अलग खड़े थे।



पीएम मोदी और शी 2022 में एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए समरकंद में भी एक साथ आए, लेकिन कोई द्विपक्षीय बैठक नहीं हुई, हालांकि शिखर सम्मेलन भारत और चीन द्वारा गोगरा घर्षण बिंदु पर गतिरोध को हल करने के बमुश्किल एक सप्ताह बाद हुआ। भारत और चीन पिछले तीन वर्षों से गतिरोध की स्थिति में हैं और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव के कारण सभी स्तरों पर संबंध खराब हो गए हैं। दोनों पक्षों ने 2020 से पूर्वी लद्दाख में सीमा मुद्दों के समाधान के लिए अब तक 19 दौर की वार्ता की है।

पीएम मोदी मंगलवार को 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंचे। इस बीच, अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात छह देश हैं जो जनवरी 2024 से ब्रिक्स में शामिल होंगे। नए देशों को शामिल करने के फैसले का समर्थन करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत का हमेशा से मानना घ्हरहा है कि ब्रिक्स में नए सदस्यों के जुड़ने से और मजबूती मिलेगी और हमारे साझा प्रयासों को नई गति मिलेगी।

# एशिया कप 2023 से पहले मोहम्मद शमी की बढ़ी मुश्किलें, पत्नी हसीन जहां संग विवाद में आया कोर्ट का फैसला

एशिया कप 2023 का आगाज होने में अब बस 6 दिन शेष हैं।



इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 2 सितंबर से पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। वहीं इस बार एशिया कप की मेजबान पाकिस्तान करेगा लेकिन टूर्नामेंट हाईब्रिड मॉडल के तहत खेले जाएंगे। इसका मतलब है कि, टूर्नामेंट के 4 मैच पाकिस्तान में और अन्य मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे। लेकिन एशिया कप से पहले मोहम्मद शमी को बड़ा झटका लगा है। शमी एशिया कप में भारतीय पेस अटैक के अहम गेंदबाज हैं। आज तक की रिपोर्ट के अनुसार, शमी को कोर्ट से 30 दिन के अंदर जमानत लेनी होगी। ऐसे में कप से पहले उनके लिए ये एक बड़ी समस्या बन सकती है। कप के लिए चयनित भारतीय टीम स्क्वॉड इन दिनों बैंगलुरू में एनसीए में एशिया कप कैंप में हिस्सा ले रहा है। बता दें कि, शमी और हसीन जहां की शादी साल 2014 में हुई थी। हसीन जहां कोलकाता नाइटराइडर्स की चीयरलीडर थी। इसके अलावा वो मॉडलिंग करती थी। शादी के बाद उन्होंने ये पेशा छोड़ दिया था। जिसमें हसीन ने शमी पर घरेलू हिंसा, मारपीट और मैच फिक्सिंग जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद से ही कोर्ट में केस चल रहा है।

# जिस तरह से वो राइमिंग करते हुए बात करती हैं... कमला हैरिस का ट्रंप ने बनाया मजाक

अमेरिका में 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर नेताओं में वार–पलटवार तेज हो गया है। राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए पहली बहस से पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने तो दूरी बनाई रखी। लेकिन एक ऑनलाइन साक्षात्कार में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर विशिष्ट हमले करते नजर आए। ट्रम्प ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का उनके उच्चारण के लिए मजाक उड़ाया और कहा कि वह राइमिंग में बोलती हैं।





अगले राष्ट्रपति चुनाव में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के डेमोक्रेट उम्मीदवार बनने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि ठीक है, वास्तव में नहीं३ उनके कुछ बुरे पल हैं। उसके क्षण लगभग उतने ही बुरे हैं। मुझे लगता है कि उनका (जो बाइडेन) वास्तव में बदतर है। हाँ। वह तुकबंदी में बोलती है। यह अजीब है, लेकिन उसके कुछ बुरे पल हैं। खैर, जिस तरह से वह बात करती है, (मजाकिया लहजे में) बस यहां जाएगी और फिर बस वहां जाएगी क्योंकि बसें यही करती हैं।

यह अजीब है। पूरा मामला बडा अजीब है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका के भविष्य की राष्ट्रपति नहीं है। मुझे लगता है कि उनके पास शायद ही किसी प्रकार की प्राथमिक बात है और अन्य लोग भी इसमें शामिल होंगे। ट्रम्प द्वारा हैरिस का मजाक उड़ाने की वीडियो क्लिप तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, उनके समर्थकों ने पूर्व राष्ट्रपति की सराहना की।

# जापान ने फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट से छोड़ा पानी, किम जोंग ने दे दी ये चेतावनी

उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि जापान को आपदा प्रभावित फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से अपशिष्ट जल को समुद्र में छोड़ना तुरंत बंद करना चाहिए। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल समाचार एजेंसी द्वारा दिए गए एक बयान में कहा गया है, जापान को तुरंत परमाणु दूषित पानी के खतरनाक निर्वहन को बंद करना चाहिए जो मानव जाति की सुरक्षा और भविष्य को गंभीर रूप से खतरे में डालता है। बता दें कि जापान ने समुद्र में फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट का पानी छोड़ना शुरू कर दिया। जापानी समय के अनुसार दोपहर 1:03 बजे ये प्रोसेस शुरू किया गया। जापान टाइम्स के अनुसार, पहले दिन करीब 2 लाख लीटर पानी छोड़ा जाएगा। इसके बाद इसे बढ़ाकर 4.60 लाख लीटर कर दिया जाएगा। पूर्व घोषणा के मुताबिक जापान ने समुद्र में फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट का पानी छोड़ना शुरू कर दिया है।





न्यूक्लियर प्लांट को मेंटेन करने वाली कंपनी **TEPCO** ने बताया कि सबसे पहले सैंपल के तौर पर शुरुआती टैंक से थोड़ा पानी छोड़ा गया।

कहां से आया ये वेस्ट वॉटरः 2011 में 9.0 तीव्रता के भूकंप के कारण सुनामी आई, जिससे फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र के तीन रिएक्टरों में पानी भर गया। सुनामी ने परमाणु संयंत्र में बिजली और शीतलन प्रणालियों को नुकसान पहुँचाया। यह चॉर्नोबिल विस्फोट के बाद दुनिया की सबसे खराब परमाणु आपदा बन गई। अल जजीरा के अनुसार, अधिकांश पानी नष्ट हुए तीन रिएक्टरों को ठंडा करने से आता है।

# एशिया कप से पहले विराट कोहली ने पास किया यो–यो टेस्ट, जानें कितना रहा Kohli का स्कोर

एशिया कप से पहले यो–यो टेस्ट को विराट कोहली ने पास कर लिया है। दरअसल, कोहली ने फोटो शेयर करते हुए बताया




कि यो–यो टेस्ट में उनका स्कोर कितना रहा है। इससे पहले वो बुधवार को मुंबई से बैंगलोर पहुंचे थे, जहां एशिया कप के लिए टीम इंडिया का कैंप शुरू हो गया है। कोहली ने ग्राउंड से फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि उन्हें यो–यो टेस्ट फिनिश करने पर काफी खुशी हो रही है। उन्होंने साथ में बताया कि टेस्ट में उनका कितना स्कोर रहा। विराट का स्कोर 17.2 स्कोर रहा है। एशिया कप में टीम इंडिया का पहला मैच पाकिस्तान के साथ 2 सितंबर को है। एशिया कप के लिए रावण होने से पहले भारतीय टीम का बैंगलोर स्थित एनसीए में 5 दिवसीय अभ्यास कैंप लगा है। आयरलैंड दौरे पर गए खिलाड़ी शुक्रवार तक एनसीए पहुंच सकते हैं। वहीं विराट कोहली ने 111 टेस्ट, 275 वनडे और 115 टी20 मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने क्रमशरू 8676, 12898 और 4008 रन बनाए हैं। वनडे फॉर्मेट में कोहली ने 46 शतक और 65 अर्धशतक लगाए हैं। कोहली का रिकॉर्ड पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा रहा है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में खेले 13 मैचों में 536 रन बनाए हैं।

# दक्षिण अफ्रीका के अखबार में पीएम मोदी का गुणगान, एस जयशंकर ने दिखाई तस्वीर

इसरो के चंद्रयान 3 ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर के सौजन्य से एक प्रमुख दक्षिण अफ्रीकी अखबार का शीर्षक पढ़ते हुए पीएम मोदी की एक तस्वीर सामने आई। जब भारत ने आने वाले युगों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की तो पीएम मोदी दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में थे। दक्षिण अफ्रीका के श्द स्टारश अखध्बार की हेडलाइन में लिखा है इंडियाज मोदी आउट ऑफ दिस वर्ल्ज। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐतिहासिक बाह्य अंतरिक्ष मिशन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने टोस्ट किया। इसमें आगे कहा गया कि दुनिया भर में भारतीय समुदाय सचमुच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बहुत खुश है। जैसा कि पीएम मोदी ने गुरुवार को ब्रिक्स में बात की। उन्होंने चंद्रयान की सफलता के बारे में बात की और इस उपलब्धि के लिए बध ाई संदेशों के लिए सभी को ध न्यवाद दिया। विश्व नेताओं ने



चंद्रयान 3 की सफलता के लिए भारत और पीएम मोदी की सराहना की। पीएम मोदी ने सभी को उनकी शुभकामनाओं के लिए ध न्यवाद देने के लिए एक्स के नाम से जाना का सहारा लिया। पीएम मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति से कहा कि मैं महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायेद को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। यह मील का पत्थर न केवल भारत का गौरव है बल्कि मानवीय प्रयास और दृढ़ता का प्रतीक है। विज्ञान और अंतरिक्ष में हमारे प्रयास सभी के लिए एक उज्जवल कल का मार्ग प्रशस्त करें। इसके अलावा पीएम मोदी ने स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज को लिखा विज्ञान की शक्ति के माध्यम से भारत सभी के लिए उज्जवल भविष्य की दिशा में काम कर रहा है। शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। बता दें कि बुधवार शाम 6.04 बजे जैसे ही चंद्रयान 3 की चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग हुई, पीएम मोदी ने जोहान्सबर्ग से इसरो प्रमुख एस सोमनाथ को फोन किया और उन्हें और उनकी टीम को बधाई दी। पीएम मोदी ने फोन पर कहा कि सोमनाथ जी, आपका नाम सोमनाथ है, जो चंद्रमा से जुड़ा है और इसलिए आपके परिवार वाले भी आज बहुत खुश होंगे।

## सात लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस

देवरिया। तरकुलवा थानाक्षेत्र के नरायनपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस दोनों तरफ के सात लोगों पर केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। थानाक्षेत्र के नरायनपुर गांव में सोमवार की देर रात में दो सगे भाइयों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट हो गई। आरोप है कि इस मामले में बड़े भाई ने धारदार हथियार से हमला कर दिया था, जिससे छोटे भाई की नाक कट गई और वह गंभीर गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने मामले में एक पक्ष के तसीरुन्न निशा की तहरीर पर नजीबुल्लाह, हकीमुल्लाह, अमानुल्लाह व नजमा खातून तथा दूसरे पक्ष की हकीमुल्लाह की तहरीर पर तसीरुन्न निशा, हसीमुल्लाह तथा हफीजुल्लाह के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## वित्तीय गबन में हेडमास्टर निलंबित

भाटपाररानी। बनकटा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय भोपतपुरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार यादव को बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने जांच के बाद खंड शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट पर वित्तीय गबन के मामले में निलंबित कर दिया गया है। कुछ दिन पूर्व गांव निवासी विवेक मिश्र ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा था कि गांव के प्राथमिक विद्यालय के हेडमास्टर द्वारा कोरोना काल के दौरान बच्चों के खाते में भेजे जाने वाले मध्याह्न भोजन का पैसा बंदरबांट कर लिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर खंड शिक्षाधिकारी संजीव सिंह ने 18 अगस्त को विद्यालय जाकर इस प्रकरण की जांच की थी। उनकी आख्या के आधार पर बीएसए ने यह कार्रवाई की है। खंड शिक्षा अधिकारी बनकटा संजीव सिंह ने कहा कि जांच के दौरान मिली गड़बड़ी के कारण उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन की अवधि में वह बीआरसी बनकटा से अटैच रहेंगे।

## बकरीपालन प्रशिक्षण के लिए नया बैच शुरू

देवरिया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया देवरिया के आरसेटी सभागार में बकरी पालन के प्रशिक्षण का नया बैच शुरू हो गया है। निदेशक आरसेटी राकेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन की ओर से 100 से लेकर 500 बकरी पालन के लिए बीस लाख से एक करोड़ की योजना में बैंक से ऋण लेने पर 50 प्रतिशत का अनुदान मिल रहा है। बकरी पालन गरीब लोगों के लिए कम लागत में अधिक लाभ देता है। किसान एफपीओ बनाकर इस योजना को और बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने बारिश के दिनों में वैक्सीनेशन तथा अन्य बीमारियों के उपचार एवं दवाइयों को भी बताया। निदेशक ने बताया कि यह प्रशिक्षण 10 दिवसीय है इसके पश्चात उत्तीर्ण प्रशिक्षु अपने क्षेत्र में जाकर बकरी पालन स्वरोजगार कर स्वावलंबी बन सकेंगे। इस दौरान एफएलसीसी दीनानाथ प्रसाद, संकाय रत्नमाला मिश्रा, कार्यालय सहायक अरुण मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## अपरहण के छह अभियुक्तों को सात–सात साल का कारावास

महराजगंज। अपहरण व पॉक्सो के सभी छह अभियुक्तों को न्यायालय ने सात–सात वर्ष की सजा दी है। दो–दो हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड नहीं देने की दशा में छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। कोठीभार थाने के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि आपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अभियोजन विभाग से समन्वय बनाकर प्रभावी पैरवी की गई। नासिर, वाजिद, लतिफ, समसुद्दीन, सीतारुन, सहाना निवासी कोठीभार के खिलाफ अपहरण, पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज है। न्यायालय में प्रभावी ढंग से पैरवी की गई। इससे अभियुक्तों को न्यायालय की ओर से सजा सुनाई गई है।

## रिकवरी नोटिस को फाड़ने के आरोप में दी तहरीर

महराजगंज। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा देउरवा में अपात्र के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी गई है। ग्राम पंचायत अधिकारी सर्वोत्तम विश्वकर्मा ने बताया कि पुष्पा को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास मिला था, जिसमें एक लाख दस हजार रुपये अभ्यर्थी के खाते में गए थे, लेकिन त्रिस्तरीय कमेटी की जांच में अपात्र पाया गया। उसकी रिकवरी का नोटिस चस्पा करने के लिए 22 अगस्त को ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक व सफाई कर्मचारी ने ज्यों ही उनके दरवाजे पर पहुंचे तो अपशब्द बोलते हुए नोटिस फाड़ दिया गया। थानाध्यक्ष कंचन राय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मगरमच्छ को महाव नाला में छोड़ा गया

महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरसिया मशर्की टोला पिपरवास में सार्वजनिक पोखरी में जाल में मगरमच्छ फंस गया। ग्राम प्रधान शंकर ने उत्तरी चौक रेंज के घोड़हवा वन चौकी पर सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग टीम ने मगरमच्छ को पकड़ कर करौता गांव के पूरब महाव नाले में सुरक्षित छोड़ दिया। उत्तरी चौक रेंज के घोड़हवा बीट के फारेस्टर जितेंद्र कुमार गौड़ ने बताया कि मगरमच्छ को महाव नाले में छोड़ दिया गया है।

## ग्राम सदस्य पद पर रद्द हुआ एक नामांकन

महराजगंज। पंचायत उपचुनाव के तहत जिले में रिक्ति पड़े क्षेत्र पंचायत सदस्य के एक व ग्राम सदस्य पद के 30 सीटों पर किए गए नामांकन की जांच की गई। जिसमें घुघली में ग्राम सदस्य पद के एक नामांकन को रद्द किया गया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धनंजय कुमार दूबे ने बताया कि घुघली ब्लॉक में रिक्त पड़े एक क्षेत्र पंचायत सदस्य सीट पर एक उम्मीदवार ने नामांकन सही पाया गया। वहीं फरेंदा में एक, परतावल व मिठौरा में दो–दो, सिसवां व पनियरा में चार–चार नामांकन सही मिला। घुघली में दो नामांकन सही मिला, जबकि एक को रद्द किया गया। बृजमनगंज में तीन, सदर में पांच व निचलौल में छह उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया गया। नाम वापसी व प्रतीक चिह्न का आवंटन बृहस्पतिवार को होगा।

# बहला–फुसलाकर जमीन बैनामा कराने का आरोप

खुखुंदू। बुजुर्ग से गांव के ही एक व्यक्ति पर बहला–फुसलाकर जमीन बैनामा कराने का आरोप लगा है। बुजुर्ग के बेटे ने थाने पहुंच तहरीर दी है। मामला खुखुंदू थाना क्षेत्र के बहादुरपुर, भवानी छापर गांव का है। उधर, सदमे में आए बुजुर्ग ने नागपंचमी के दिन नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास भी किया था। मछुआरों और पुलिस के सहयोग से उसे बचाकर सदर अस्पताल भेजा गया था। बहादुरपुर, भवानी छापर निवासी दीपक मणि त्रिपाठी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 21 अगस्त को उनके पिता बासुदेव मणि से गांव के एक शख्स ने बिना परिवार की जानकारी के बहला–फुसलाकर हाइवे मार्ग पर स्थित डेढ़ कट्ठा जमीन बिना रुपये दिए बैनामा करा लिया, जिससे पिता की मानसिक हालत बिगड़ गई और उन्होंने नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। नदी में मौजूद मछुआरों और पुलिस के सहयोग से उन्हें बाहर निकाला गया। उनका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

दीपक का कहना है कि बैनामा की जानकारी होने पर उन्होंने आपत्ति दाखिल कर दी है। जिसके बाद लगातार धमकी मिल रही है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। तथ्यों के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# कन्या जन्मोत्सव मना माताओं को किया गया सम्मानित

देवरिया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरकुलवा पर बेटियों के जन्म पर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इसमें बेटी को जन्म देने वाली माताओं को बेबी किट व अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी माताओं को एक पौध दिया गया, जिसका नाम बेटियों के नाम पर रखने को कहा गया। भाजपा नेता डॉ. जितेंद्र प्रताप राव ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में कामयाबी की ऊंचाइयों को छू रही हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है तथा समाज में बालिका के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. अमित कुमार ने बालिकाओं को लेकर सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने कहा कि कन्या जन्मोत्सव का उद्देश्य महिलाओं के लिंगानुपात को बराबर करना है। कार्यक्रम को डॉ. मनोज कुमार जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा, मनोचिकित्सक मीनू जायसवाल, मंशा सिंह, रेनू यादव, हेल्थ सुपरवाइजर मुन्ना यादव आदि ने भी संबोधित किया।

# भाजपाइयों ने चंद्रयान–3 की सफलता के लिए किया पूजन, जताई खुशी

देवरिया। भाजपाइयों ने किया चंद्रयान–3 के सफलता के लिए पूजन किया तथा खुशी व्यक्त की। भाजपा किसान मोर्चा की ओर से चंद्रयान–3 के सफल लैंडिंग के लिए देवरिया नगर के देवरही माता मंदिर में माता देवरही की आरती कर प्रार्थना की गई। इसके बाद मिशन चंद्रयान–3 के लिए हाथ में तिरंगा लेकर वंदेमातरम, भारत माता के जय के नारे के साथ खुशी व्यक्त की और इसरो के सदस्यों को बधाई दी।

मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि चंद्रयान–3 का चंद्रमा पर उतरना पूरे भारत के लिए गौरव की बात है, हम सभी जगतजननी देवरही माता से सफल लैंडिंग की कामना की है।

यह विश्व के लिए एक ऐतिहासिक पल है जब भारत का चंद्रयान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा। जिला मीडिया प्रभारी भाजपा अंबिकेश पांडेय ने कहा कि चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग से चंद्रमा की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त होगी। अभियान के पूरा होने से भारत का विश्व में कद और ऊंचा हो गया है।

इस दौरान आचार्य मानस शुक्ल, मोर्चा उपाध्यक्ष डॉ. विनोद पांडेय, शक्ति केंद्र प्रमुख धनजी वर्मा, राजेश कुमार, सुरेश प्रसाद मौजूद रहे। वहीं जिला पंचायत परिसर स्थित हनुमान मंदिर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर मिशन के सफलता की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक सत्यप्रकाश मणि, गंगा कुशवाहा, श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, अजय उपाध्याय, भूपेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश पांडेय, अंकुर राय, रत्नेश्वर गर्ग, सतेंद्र पांडेय, राजकिशोर यादव, सर्वेश नाथ त्रिपाठी आदि रहे।

# तीन सचिवों का वेतन रोका, प्रधानों से स्पष्टीकरण मांगा

महराजगंज। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय ने परफार्मेंस ग्रांट में प्राप्त धनराशि की तुलना में कम भुगतान पर उनके सचिवों का वेतन व परामर्शी अभियंता के मानदेय को रोक दिया। साथ ही प्रधानों से भी इस संबंध में एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। मिठौरा ब्लॉक के ग्राम खोस्टा में परफार्मेंस ग्रांट की धनराशि में लक्ष्य की तुलना में 41 प्रतिशत धनराशि का व्यय हुआ है। जिस पर सचिव अमरेंद्र पटेल का अगस्त माह का वेतन बाधित किया गया। मार्गदर्शी अभियंता प्रियतोष पटेल का मानदेय रोका गया, वहीं प्रधान दीपक जायसवाल को सात दिन में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने को कहा है। सिसवा ब्लॉक के ग्राम हरपुर पकड़ी में परफार्मेंस ग्रांट की धनराशि में लक्ष्य की तुलना में 29 प्रतिशत धनराशि का व्यय हुआ है। जिस पर सचिव जयहिंद गौतम का अगस्त माह का वेतन बाधित किया गया। मार्गदर्शी अभियंता अजहर का मानदेय रोका गया, वहीं प्रधान प्रदीप मिश्रा को सात दिन में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने को कहा है। परतावल ब्लॉक के ग्राम रामपुर चकिया में परफार्मेंस ग्रांट की धनराशि में लक्ष्य की तुलना में 48 प्रतिशत धनराशि का व्यय हुआ है। जिस पर सचिव विकास कुमार सिंह का अगस्त माह का वेतन बाधित किया गया। मार्गदर्शी अभियंता मेराज का मानदेय रोका गया, वहीं प्रधान अंगिरा देवी को सात दिन में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने को कहा है।

# बारिश में शहर की सड़कें लबालब, बढ़ी दुश्वारियां

महराजगंज। बीते दो दिन से हो रही रिमझिम बारिश ने शहर के सड़कों की सूरत खराब कर दी है। दिन भर रुक रुक कर बारिश होती रही। बच्चों को जहां स्कूल तक पहुंचने में दुश्वारियां झेलनी पड़ी। वहीं, शहरवासी जलभराव होकर अपने–अपने घरों तक पहुंचे। कई स्थानों पर सड़कों पर कीचड़ फैलने से लोगों को बहुत संभलकर चलना पडा। वहीं, स्कूल से लौटने वाले बच्चों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। शहर में भ्रमण के दौरान हल्की बारिश का ज्यादा असर देखने को मिला। बिस्मिल नगर मोहल्ले में जलभराव से होकर लोग गुजर रहे थे। सड़क पर जलभराव रहा, इससे लोग आने–जाने के दौरान परेशान हुए। सबसे ज्यादा परेशानी तब हो रही थी, जब कोई वाहन पानी के बीच आ रहा था। स्कूल जाने वाले बच्चों को दुश्वारियां झेलते ही हुए पानी से बचते– बचाते हुए होकर जाना पडा। बिस्मिल नगर मोहल्ले में चिउरहा जाने वाली सड़क के पास ट्रांसफार्मर के पास से होकर मोहल्ले में जाने वाली सड़क पर जलभराव से लोगों को परेशानी हुई। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा ने बताया कि जलभराव दूर करने के लिए कर्मियों की टीम लगी है।

कहीं रास्ता कीचड़ भरा तो कहीं जलभरावः कोतवाली के बगल से होकर मोहल्ले में जाने वाली सड़क पर जलभराव हुआ तो नगर नगर पालिका प्रशासन ने पंपिंग सेट लगवा दिया। सुबह 11 बजे से नगर पालिका के दो कर्मी पंपिंग सेट को चालू करने की कोशिश कर रहे थे। कर्मियों ने बताया कि जलभराव कम करने के लिए पानी निकालने की व्यवस्था की जा रही है। अमरूतियां मोहल्ले के कुछ हिस्सों में जलभराव से परेशानी हुई। गांधी नगर मोहल्ले में तो इफको के बगल से होकर जाने वाले रास्ते पर फिसलन के साथ जलभराव दिखा, लोगों को बहुत संभल कर गुजरना पडा।

बस स्टेशन पर कीचड़ से परेशान रहे यात्रीः शहर में बस स्टेशन पर यात्रियों को दुश्वारियां झेलनी पड़ी। लोगों को बसों में बैठने के लिए कीचड़ से होकर गुजरना पडा। कुछ यात्री तो फिसल कर गिर गए। गोरखपुर जा रहे सोनू ने बताया कि पिछले साल भी स्टेशन पर यही समस्या थी, पता नहीं कब तक स्टेशन बनकर तैयार होगा। समस्याओं के प्रति अधिकारी गंभीर नहीं है। जिला अस्पताल के इमरजेंसी गेट के बगल में भी जलभराव कुछ देर तक रहा। गड्ढे में तब्दील सड़कों से बचते–बचाते घर पहुंचे बच्चेः शहर में दोपहर बाद स्कूल से छुट्टी होने के बाद बच्चों को घर तक पहुंचने में परेशानी हुई। अभिभावक भी परेशान रहे। रिमझिम बारिश के बीच बच्चों को शहर के बदहाल सड़कों से होकर गुजरना पडा। बचते–बचाते हुए किसी से तरह से बच्चे घर तक पहुंचे। अभिभावक सत्येंद्र ने बताया कि चिउरहा पुल से होकर सेंट जोसेफ स्कूल तक जाने वाली सड़क बेहद खराब हालत में है। सड़क पर गड्ढों की गिनती करना मुश्किल है। साइकिल से जाने के दौरान बच्चे गिर जाते हैं। महेंद्र तिवारी ने बताया कि बारिश में समस्या बढ़ जाती है। बच्चों को स्कूल से घर ले आने में बहुत संभल कर जाना पड़ता है।

# लायंस क्लब राबर्ट्सगंज नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित को मिली जिम्मेदारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। लायंस क्लब राबर्ट्सगंज का 49वां पदग्रहण समारोह



व 48वां चार्टर नाइट संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बलवीर सिंह बग्गा उप मंडलाध्यक्ष प्रथम, विशिष्ट अतिथि अर्पणधर दुबे उप मंडलाध्यक्ष द्वितीय, पदारोहण अधिकारी वीरेंद्र गोयल, इंडक्शन अधिकारी निधि कुमार,की–नोट स्पीकर हरीश अग्रवाल,कैबिनेट कोषाध्यक्ष सजन अग्रवाल,मल्टीपूल पीआरओ सुधीर भल्ला,रीजन चेयरपर्सन अमित सेठ, निवर्तमान अध्यक्ष अजीत जायसवाल सहित लायंस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित जायसवाल को सब की उपस्थिति में शपथ दिलाया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में अध्यक्ष ने कहा कि लायंस क्लब को ऊंचाइयों में ले जाने के लिए सदस्यों के सहयोग से पूरा प्रयास करेंगे। मुख्य अतिथि बलवीर सिंह ने कहा मुझे बहुत प्रसन्नता हुई, कि लायंस क्लब का कार्यक्रम लायंस अपने भवन में कर रहा है। ऐसे बहुत ही कम क्लब है, जिनके अपने भवन हैं ,मेरी इच्छा है, कि प्रत्येक लायंस क्लब के पास छोटा या बड़ा अपना भवन होना चाहिए। मुझसे जो भी बन सकेगा, तन मन धन से मैं सहयोग करूंगा। सचिव विमल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता,किशोरी सिंह, राधिका सिंह,परमेश जैन, घनश्यामदास सिंघल,निर्मला सिंघल, सुमन गुप्ता,संगम गुप्ता,सुनीता गुप्ता, .ष्ण सिंह,आशु सिंह,आभा जायसवाल, मुकेश जायसवाल, काजल जायसवाल,कल्पना केशरी,रमेश जायसवाल,परमजीत कौर,अभय सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दया सिंह व कार्यक्रम संयोजक पवन जैन,जयकुमार केशरी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

# आबादी की तरफ बढ़ रहा रोहिन नदी का कटान, ग्रामीण भयभीत

महराजगंज। रोहिन नदी के किनारे बसे गांव के लोग बारिश होने पर सहमे रहते हैं। गुजरे वक्त नदी की तेज धारा ने सैकड़ों एकड़ खेत उपजाऊ जमीन को लील गई, अब कटान आबादी की ओर बढ़ रही है। इन दिनों नदी का जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे है, लेकिन तेज धारा से कटान बढ़ गया है। आशंका जताई जा रही है कि इस पर गंभीरता नहीं बरती गई तो रोहिन नदी के किनारे बसे दर्जनों गांव नदी में विलीन हो जाएंगे। जानकारी के अनुसार, रोहिन नदी के तटबंध के किनारे बसे केवलापुर खुर्द, चानकी, जिनवापुर, चट्टा टोला, आराजी जगपुर गांव के लोगों को यह चिंता सताने लगी है कि गुजरे वक्त में हमारी कीमती व उपजाऊ भूमि नदी में विलीन हो गई। कहीं गांव तक कटान पहुंचा तो हमारे आशियाने भी छीन जाएंगे। रोहिन नदी के किनारे बसे गांव के लोगों ने कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर तटबंध की मरम्मत एवं जालीदार ठोकर लगवाने की मांग की लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। लोग भविष्य की चिंता को लेकर बहुत ही भयभीत हैं। वह अपनी पीड़ा कहें तो किससे कहें। इन गांवों के तरफ बढ़ रहा कटानः जिले के सैंकड़ों गांव के लोगों के लिए आफत बनी रोहिन नदी की कटान से कई गांव का अस्तित्व खतरे में है। सदर तहसील के बेलासपुर, चट्टा टोला, चानकी घाट, जिनवापुर, जगपुर, आराजी सुबाइन, केवलापुर खुर्द खास टोला में गांव के करीब कटान पहुंच चुकी है। यदि समय रहते तटबंध की मरम्मत, जालीदार फाटक एवं ठोकर नहीं लगाया गया तो भविष्य में बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# शिक्षा के क्षेत्र में एस बी टी को मिला बिग इम्पैक्ट अवार्ड 2023

### आने वाले समय में एस बी टी और भी बेहतरीन व प्रभावी शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध है- चेयरमैन एम एन त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गौरी बाजार,देवरिया। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित एस बी टी पब्लिक स्कूल विशुनपुरा बखरा गौरी बाजार देवरिया को शिक्षा के क्षेत्र में उत्.ष्ट प्रदर्शन व वैश्विक स्तर की शिक्षा देने के लिए लखनऊ द सेन्ट्रल में प्रसिद्ध बालीवुड अभिनेत्री दिया मिर्जा द्वारा बिग इम्पैक्ट अवार्ड–2023 प्रदान किया गया। बताते चलें कि यह अवार्ड हर साल आटोमोबाइल, हास्पिटैलिटी, एजुकेशन, रियल एस्टेट इत्यादि क्षेत्रों में दिया जाता है। इसी क्रम में गौरी बाजार क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में स्थित एस बी टी पब्लिक स्कूल जो दिन प्रतिदिन यहां के बच्चों



के लिए कुछ न कुछ नया करता रहता है,को उच्च शिक्षण तकनीकी के लिए यह अवार्ड मिला। विद्यालय के चेयरमैन एम एन त्रिपाठी ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा उच्च व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए तत्पर है। हमारा उद्देश्य इस ग्रामीण अंचल के बच्चों को इतना योग्य बनाना है कि वे पूरी दुनिया में एस बी टी का डंका बजाएं। इसके लिए मैं अपने एस बी टी परिवार को भी बधाई देता हूं जो विद्यालय के प्रगति में पूरे तन मन से समर्पित रहते हैं।

# थाना मांची पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरतार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.08.2023 को मांची पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजी.त मु0अ0स0 30/2023 धारा 3 (1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट से सम्बंधित वांछित अभियुक्त मंजू अली उर्फ रसीद अली पुत्र गौहर अली, निवासी हरभोग, थाना अधौरा, जनपद कैमूर (भभुआ) बिहार को गिरतार कर न्यायालय भेजा गया।

# विकासखंड रॉबट्र्सगंज के ग्राम केवटा मे जन चौपाल का हुआ आयोजन

## केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं हित में चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में विकासखंड रॉबट्र्सगंज के केवटा ग्राम के पंचायत भवन में जन चौपाल के माध्यम से शासन स्तर से चलायी जा रही सभी योजनाओं के बारे में सभी विभागो द्वारा जानकारी दी गयी, कार्यक्रम में महिला कल्याण से सम्बंधित योजनाओं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या बाल विवाह कों रोकने के संबंध में जानकारी दी गयी, सशक्त महिला की यही पहचान, मुश्किल से न होती परेशान आदि विषयक पर चर्चा की गयी, इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने केवटा ग्राम पंचायत में आयोजित जन चौपाल में उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु जन कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है, उन्होंने कहा कि पति के मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला को पेंशन की सुविधा उपलब्ध है, जिसके लिए आनलाईन आवेदन करने पर 1 हजार रूपये प्रति माह पेंशन प्राप्त होती है, आवेदक द्वारा आनलाईन फार्म एकी.त पेंशन पोर्टल पर ीचल. नचण्हवअण्पद पर भरे जाने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत योजनाओं की जानकारी हेतु जनचौपाल का आयोजन किया गया है, इस दौरान उन्होंने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने, बालिकाओं को अपनी सुरक्षा स्वयं करने हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसमें एक ही छत के नीचे कई प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाती है। महिलाओं में पुरुषों से अधिक साहस ,क्षमता व शक्ति होती है ,बस महिलाओं को उसे पहचानने की आवश्यकता होती है। इस दौरान जिला समन्वयक साधना मिश्रा ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेरी सुरक्षा ,मेरा सम्मान महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए विशिष्ट योजना के रूप में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि बेटियॉ हैं घर की शान उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य का रखें पूरा ध्यान को .ष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की गयी है। इस योजना की पात्रता व्यक्ति उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी हो, परिवार का वार्षिक आय 3 लाख से अधिक न हो और दो बच्चियों के होने पर ही इस योजना का लाभ मिलता है, इस योजना के सम्बन्ध में विशेष जानकारी हेतु जिला प्रोबेशन कार्यालय में कार्य दिवस में जाकर या मो0 नं0 –9305036929 पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड–19, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, आदि समस्त योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। महिलाओं की समस्याओं के विषय में चर्चा बेटा बेटी के भेदभाव को लेकर व महिलाओं को निराश्रित व गरीब परिवारों को योजनाओं से जोड़ने के लिए जागरूक किया संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे जिला समन्वयक साधना मिश्रा, सीमा द्विवेदी, जिला आपदा विशेषज्ञ पवन कुमार शुक्ला, शेषमणी दूबे आदि सम्मानित महिलाएं उपस्थित रही। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी व चौकी प्रभारी गुरमा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, आशा, आगनबाड़ी, कोटेदार तथा अन्य विभागीय कर्मचारी तथा जन समुदाय उपस्थित रहे।



## परम्परागत रोजगार के लिए 18 ट्रेडों हेतु मिलेगा अनुदान-जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश



सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि जनपदवासी अब अपना परम्परागत व्यवसाय, उद्योग, धंधा करते हुए उसको और विकसित कर सकेंगें, इसके लिए अब केन्द्र सरकार भी उत्तर प्रदेश सरकार की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की तर्ज पर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को विश्वकर्मा दिवस/17 सितंबर को लांच करने जा रही है। इस योजना के ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन भी 25 अगस्त,2023 से शुरू हो जाएंगें, इस योजना के तहत कुल 18 परम्परागत ट्रेडों को शामिल किया गया है, जो 17 सितंबर, 2023 को प्रधानमंत्री द्वारा योजना को पूरे देश में लांच किया जायेगा। इसमें साक्षात्कार के माध्यम से जिला उद्योग केन्द्र व जिलाधिकारी द्वारा गठित कमेटी चयन पात्रों का चयन करेगी, चयन के बाद सबसे पहले आवेदक को एक बाउचर दिया जाएगा, जिससे वह पन्द्रह हजार रूपए तक की टूल किट खरीद सकेगा, एक आई0डी0 कार्ड व प्रमाण–पत्र भी दिया जाएगा, पहली बार में एक लाख ऋण पांच फीसदी ब्याज पर मिलेगा, इसको 18 माह में अदा करना होगा, इसके बाद दो लाख रूपए का ऋण भी मिलेगा। जिसको निर्धारित समय सीमा पर जमा करना होगा, जिला उद्योग केन्द्र ने परम्परागत ट्रेडों से जुड़े लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा व टूल किट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झांब बनाने वाले, पारम्परिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले व्यक्तियों को लाभान्वित किया जायेगा। जिसमें शिल्पकार, कारीगरों को प्रमाण दिया जायेगा, इस योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण, टूल किट लाभ, डिजिटल लेन–देन के लिए इंसेटिव और मार्केटिंग सपोर्ट आदि का प्राविधान किया गया है। इस योजना के लिए इच्छुक लाभार्थी 25 अगस्त, 2023 से आनलाईन आवेदन कर सकते हैं, इस योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय–उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र सोनभद्र से प्राप्त की जा सकती है।

# भाजपा वोटर अभियान कार्यशाला जिला कार्यालय पर सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। वोटर चेतना अभियान की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय राबट्र्सगंज पर सम्पन्न हुई। कार्यशाला में बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के महामंत्री/जिला प्रभारी अशोक चौरसिया मौजूद रहे। कार्यशाला का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्यअतिथि अशोक चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, राज्यसभा सांसद रामशकल, उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यशाला में लोकसभा चुनाव 2024 को सफल बनाने के लिए वोटर चेतना अभियान का शुभारंम्भ किया गया। अभियान के सुचारू रूप से क्रियान्वयन और सफलता के लिए कार्यशाला में सभी पार्टी पदाधिकारियों को नए मतदाता बनाने, मतदाता सूची से नाम हटाने से संबंधित फार्म की जानकारी दी गई। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अशोक चौरसिया ने कहा कि वोटर चेतना अभियान का मतलब होता है मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान



इस अभियान के तहत 1 जनवरी 2024 तक जो भी 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले है उनका प्रारुप–6 भरकर जमा करा सकते है। कई बार चुनाव के दौरान किसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में न होने के कारण वह अपने मत का प्रयोग करने से वंचित रह जाता है। आगामी लोकसभा चुनाव–2024 में इन चीजों को सुधारा जा सके, इसके लिए पार्टी ने इस अभियान की शुरुआत की है। कार्यशाला में मौजूद सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया की अपने–अपने क्षेत्र में 18 वर्ष से अधिक आयु के उन व्यक्तियों का जिनका वोटर लिस्ट में नाम नहीं है, उनका नाम वोटर लिस्ट में बढ़वाने व वोटर आईडी भी बनवाने में सहायता करें। ताकि वोटर लिस्ट में प्रत्येक वयस्क नागरिक का नाम दर्ज हो सके। उन्होंने कहा मतदाता सूची को बारीकी से अध्ययन करें और यदि कोई मतदाता किसी कारण से किसी अन्य जगह चला गया है या उसकी मृत्यु हो गई है तो उसका नाम सूची से हटवाएं। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा चुनाव के पहले वोटर चेतना अभियान बहुत महत्वपूर्ण कार्य है, लोकतंत्र में वोट का बड़ा महत्व होता है। विधानसभा और लोकसभा का जब परिणाम आता है तो उसमे एक एक वोट का महत्व होता है, 2014 के चुनाव में देश में एक बड़ा परिवर्तन हुआ और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी बने 2024 के चुनाव में भी 18 वर्ष पार कर चुके लोगो को वोटर बनाने में हम सभी कार्यकर्ताओं का योगदान होना चाहिए। कार्यशाला में आये सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करता हूं। कार्यशाला में मुख्यरुप से राज्यसभा सांसद रामशकल, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड, नगर पालिका चेयरमैन रुबी प्रसाद, अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी, जिला संयोजक वोटर चेतना अभियान सुनिल सिंह, नगवां ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह, चोपन ब्लॉक प्रमुख लीला देवी गोंड, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, .ष्णमुरारी गुप्ता, जीत सिंह खरवार, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्या, रमेश पटेल, अशोक मौर्या, अभिषेक सिंह चन्देल, अनिल सिंह गौतम, रंजना सिंह, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, शंम्भूनारायण सिंह, दिलिप पाण्डेय, कैलास बैसवार, कन्हैया जायसवाल, गुडिया वर्मा, राकेश मेहता, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी, विशाल गुप्ता, कमलेश चौबे, सूर्यमणी त्रिपाठी, घोरावल मण्डल अध्यक्ष अरुण पाण्डेय, सुनिल चौबे, दिलिप मौर्या, राघो सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा, सुनिल पटेल, महेन्द्र पाण्डेय, राजबहादुर सिंह, दीपक दूबे, सुनिल जायसवाल, सुनिल सिंह, सतीष पाण्डेय, प्रभाकर गिरी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष यादवेन्द्र द्विवेदी, पुष्पा सिंह, महेन्द्र पटेल, राजेश मिंश्रा, दयाशंकर पाण्डेय, अनिल सिंह, राजेश अग्रहरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति 8 सुत्रीय मांग पत्र, सौपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के ब्लाक




अध्यक्ष संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में 8 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम खंड विकास अधिकारी के प्रतिनिधि अकाउंटेंट श्याम बिहारी एवं लिपिक विंध्य वासिनी मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें 4 अक्टूबर 2021 को लखनऊ में मनरेगा कर्मियों के सम्मेलन में की गई घोषणाओं पर शासन स्तर पर उचित निर्णय न लिए जाने से ग्राम रोजगार सेवकों ने ज्ञापन दिया। रोजगार सेवकों का कहना है हिमाचल प्रदेश, राजस्थान मध्य प्रदेश की तरह मानदेय में बढ़ोतरी करने, ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50: का कोटा रोजगार सेवक के लिए आरक्षित करने, ग्राम रोजगार सेवकों से मूल ग्राम पंचायत के साथ–साथ रिक्त ग्राम पंचायत में भी कार्य लिये जाने एवं मनरेगा के यूजर आईडी पासवर्ड सिर्फ ग्राम रोजगार सेवकों को दिए जाने ,आकस्मिक दुर्घटना से मृत्यु होने पर उनके आश्रितो को सेवा में समायोजित करने, ई, पी, एफ,कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियों के यू, ए, एन,खाते में भेजने एवं ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, और पूर्व वित्तीय वर्षों का बकाया मानदेय दिलाने संबंधी मांग पत्र सोपा गया। उक्त अवसर पर सुरेश कुमार मौर्य, की अशोक कुमार यादव ,दिनेश कुमार, संतोष कुमार, कमलेश कुमार, महेश चंद्र चौहान ,प्रेमनाथ, प्रदीप ,सुरेश संगीता,सिंधु कुमारी, राकेश यादव, मेराज, आदि लोग उपस्थित रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# भगवान की झांकी में बच्चों ने चंद्रयान सफल पर जताया हर्ष

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। प्रकाश जीनियस पब्लिक इंग्लिश स्कूल में 24 अगस्त दिन गुरुवार को सावन महोत्सव मनाया गया। सावन का महीना जहां एक ओर प्र.ति के नए जन्म और अध्यात्मवाद से भरा हुआ होता है वहीं दूसरी ओर इंसान के खुद के साथ जुड़ने का भी होता है कहा जाता था कि सावन के महीने में जो आदत अपना ली जाए वह पूरी उम्र साथ रहती है इसलिए व्रत ,पूजा, आराधना और झूला–झूलना सब कुछ इस महीने का भारतीय सांस्.तिक परंपरा का अंश है भारतीय परंपरा और संस्.ति का हिस्सा होने के साथ–साथ ही नई ऊर्जा और नई उमंग का भी प्रतीक है इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए इस विद्यालय के एवं टैगोर नगर ब्रांच के बच्चों के द्वारा सावन महोत्सव का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ शंकर पार्वती (नव्या,सूर्यांश व सौम्या सिंह, यशराज पटेल) की सुंदर झांकी प्रस्तुत कर किया गया बच्चों ने चक दुम दुम, मैंने पायल है छनकाई ,लागी मेरे तुझसे रे शंकरा, पार्वती बोली शंकर से व पंजाबी गानों पर नृत्य किया। सावन महोत्सव का कार्यक्रम




साधना पांडे के नेतृत्व में विद्यालय के अध्यापिका आभा, श्रद्धा, पूनम केसरी अनीता सोनी व दिव्या चौरसिया के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अध्यापक–अध्यापिका इस कार्यक्रम की प्रशंसा की विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जैन ने सावन महोत्सव में प्रतिभागी बच्चों की प्रशंसा करते हुए चंद्रयान–3 के चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होने पर वैज्ञानिकों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि हमारा देश विकसित देश की तरफ अग्रसर हो रहा है वैज्ञानिकों के कड़ी मेहनत के कारण चंद्रयान–3 चंद्रमा के संपर्क में आया और चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने वाला यह पहला देश बना। विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष कुमार पांडे ने इसरो के के डॉक्टर सोमनाथ तथा उनके सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि इस मिशन को सफल बनाने के लिए वैज्ञानिकों के द्वारा लगातार चार वर्षो से काम किया जा रहा था। हमारा देश कोरोना से जूझने के बावजूद मून मिशन का सपना नहीं छोड़ा जिसमें कामयाबी मिली यह कामयाबी पूरे देश की कामयाबी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंबर उपाध्याय ने कहा कि हिंदुस्तान के लिए अब चंदा मामा दूर नहीं रहे इसरो के वैज्ञानिकों और उनके 17000 सहयोगियों ने जिस पल से चंद्रयान को छोड़ा उसी समय से चांद से संपर्क कब होगा इसके लिए उत्साहित थे 23 अगस्त सायं काल चंद्रयान ने लैंडिंग कर चंद्रमा पर भारतीय तिरंगे के शान को बढ़ा दिया। सुरेंद्र कुमार यादव ने इसरो के टीम को बधाई देते हुए कहा कि चंद्रयान–3 अंतरिक्ष अभियानों के लिए मील का पत्थर अनुसंधान के क्षेत्र मे भारत ने इबारत लिखी। इस अभियान में महिला वैज्ञानिक रितु श्रीवास्तव के योगदान से महिला सशक्तिकरण भी प्रदर्शित हो रहा था। इस अवसर पर मनोज दुबे, के डी पांडे, मनीष पांडे, संजू पांडे, चंदन सिंह, मनीष त्रिपाठी, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# छाती के बलगम और जकडन से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे



कुछ दिनों से देश के कई इलाकों में बारिश का मौसम है। ऐसे में मौसमी बुखार, खांसी, सर्दी और फ्लू जैसी समस्याएं हो सकती हैं।इससे छाती में अकसर जकडन और बलगम का जमाव हो जाता है। इससे खांसी आती है और सांस लेते समय घरघराहट की आवाज का अनुभव होता है।इससे राहत पाने के लिए दवाइयों की बजाय प्राकृतिक और घरेलू उपचार का विकल्प चुनें।चलिए फिर आज इसी से जुड़े 5 असरदार घरेलू नुस्खे जानते हैं।

अदरक

अदरक एक प्राकृतिक डिकॉन्जेस्टेंट के रूप में काम करता है और यह अतिरिक्त बलगम संचय को साफ करके फेफड़ों को आराम पहुंचाता है।लाभ के लिए अदरक का एक छोटा टुकड़ा चबाएं या उबलते पानी में इस मसाले के कुछ टुकड़े डालकर अदरक की चाय बनाएं। इस चाय के सेवन से आपको ये फायदे भी मिलते हैं।आप चाहें तो ताजे अदरक के रस को कुचले हुए तुलसी की पत्तियों और शहद के साथ मिलाकर भी पी सकते हैं।

हल्दीः हल्दी भी छाती में बलगम के जमाव से राहत दिलाने और आपको बेहतर सांस लेने में मदद करती है।इसमें एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और यह फेफड़ों में सूजन को प्रबंधित करने में मदद करती है।लाभ के लिए उबलते पानी में हल्दी पाउडर, काली मिर्च और शहद मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को पी लें।कई औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी से ये फायदे भी मिलते हैं।

नींबूः नींबू विटामिन– सी से भरपूर होता है, जो न केवल प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है, बल्कि वायुमार्ग में सूजन को कम करने के लिए भी उपयोगी है।लाभ के लिए शहद के साथ थोड़ा–सा नींबू का रस मिलाएं और फिर पूरे दिन नियमित अंतराल पर एक बड़ी चम्मच इस मिश्रण का सेवन करें।इससे नुस्खे से खांसी, बंद नाक और गले और फेफड़ों में जलन से तुरंत राहत मिल सकती है।

थाइमः थाइम में फ्लेवोनोइड्स होते हैं, जो सूजन को कम कर सकते हैं, फेफड़ों की मांसपेशियों को शांत कर सकते हैं और ठीक से सांस लेने के लिए बंद वायुमार्ग को खोल सकते हैं।इसमें एंटी–स्पास्मोडिक, एक्सपेक्टोरेंट (बलगम को बाहर निकालने वाला) और एंटी–बैक्टीरियल गुण भी होते है, जो बलगम को कम कर सकते हैं।लाभ के लिए आप थाइम की चाय बनाकर पी लें या फिर इसके एसेंशियल ऑयल को गर्म पानी में मिलाकर इससे गरारे करें।

भाप लेंः छाती में बलगम के जमाव से राहत पाने के लिए भाप लेना काफी मददगार है।अध्ययनों के मुताबिक, गर्म पानी से नहाने या गर्म पानी से भरे बर्तन से भाप लेने से बलगम पतला हो जाता है, जिससे यह आसानी से निकल जाता है।यह खांसी, सर्दी और बंद वायुमार्ग से राहत दिला सकता है।बेहतर परिणामों के लिए आप उबलते पानी में नीलगिरी का तेल भी मिला सकते हैं।

# 42 साल की श्वेता तिवारी की हॉटनेस ने किया हैरान, कैमरे के सामने दिखाया कर्वी फिगर

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी अदाकारी का जादू लंबे समय से देशभर के दर्शकों पर चलाया है. एक्ट्रेस ने अब तक के करियर में यह तो साबित कर ही दिया है कि वह किसी भी तरह



के किरदार में बखूबी खुद को ढाल सकती है. अपनी अदाकारी के अलावा श्वेता ने अपनी सिजलिंग अदाओं का जादू भी हर किसी पर चलाया है. अब एक बार फिर से एक्ट्रेस का ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला है.

श्वेता अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं. अक्सर वह फैंस के साथ अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ–साथ पर्सनल लाइफ की झलक भी शेयर करती रहती हैं.

अब उन्होंने फिर फैंस के साथ नया लुक शेयर किया है. फोटोज में श्वेता चेक प्रिंट वाला लोअर और स्लीवलेस क्रॉप टॉप पहने हुए नजर आ रही हैं.

श्वेता ने अपने इस लुक को मिनिमल मेकअप से कंप्लीट किया है. एक्ट्रेस ने सटल बेस के साथ न्यूड लिप शेड और न्यूड आईज रखी है. इसके साथ श्वेता ने बालों को ओपन रखा है और गोल्ड हूप ईयररिंग्स पहने हैं. एक्ट्रेस इस लुक में भी बहुत खूबसूरत और अट्रैक्टिव दिख रही हैं. अब फैंस की नजरें उन पर टिकी रह गई हैं.

श्वेता की इन अदाओं को देखकर यकीन ही नहीं किया जा सकता कि वह 42 साल की हो चुकी हैं और 2 बच्चों की मां हैं. एक्ट्रेस की 22 साल की बेटी पलक तिवारी भी बॉलीवुड में डेब्यू भी कर चुकी हैं. वहीं, श्वेता ने आज भी खुद को बहुत फिट रखा है. अपने कर्वी फिगर से वह सबके होश उड़ा देती हैं और बोल्डनेस से किसी भी एक्ट्रेस को टक्कर दे सकती हैं.






# शाहरुख की जवान के लिए एकजुट हुए दुनियाभर के 6 मशहूर एक्शन निर्देशक, होगा जबरदस्त धमाका




शाहरुख खान अपनी फिल्म जवान के साथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। फिल्म के प्रीव्यू और गानों को प्रशंसकों ने काफी पसंद किया और वह बेसब्री से इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।अब फिल्म के एक्शन सीक्वेंस से जुड़ी खबर सामने आई है, जिसे जानकर प्रशंसक और भी उत्सुक हो गए हैं।दरअसल, निर्माताओं ने फिल्म के एक्शन को धमाकेदार बनाने के लिए 6 बड़े एक्शन निर्देशकों की एक फौज तैयार की थी।

जवान इस साल की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्मों में से एक है। ऐसे में फिल्म के निर्माताओं ने दर्शकों को कुछ नया और जबरदस्त दिखाने के लिए 6 बेहतरीन एक्शन निर्देशकों को इसका हिस्सा बनाया, जो विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में एक्शन सीक्वेंस फिल्मा चुके हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, जवान में बाइक, ट्रक और कार के अलावा भी कई तरह के एक्शन सीन को इन निर्देशकों ने फिल्माया है, जो बेहद ही रोमांचक होंगे।

द फास्ट एंड द फ्यूरियस, कैप्टन अमेरिका और टीनएज म्यूटेंट निंजा टर्टल जैसी हॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा रहे स्पिरो रजाटोस भी जवान से जुड़े हैं। वह शाहरुख की फिल्म रा.वन का हिस्सा थे, जिसमें उनके एक्शन सीक्वेंस को सराहा गया था।हॉलीवुड, बॉलीवुड और तेलुगु फिल्मों में काम करने वाले एक्शन निर्देशक यानिक बेन ने भी फिल्म रईस के बाद दोबारा शाहरुख के साथ काम किया है। वह इंसेप्शन और टाइगर जिंदा है में एक्शन सीक्वेंस शूट कर चुके हैं।

वॉर, मैड मैक्सः फ्यूरी रोड और एवेंजसर्रू एज ऑफ अल्ट्रॉन जैसी फिल्मों में एक्शन सीन के पीछे क्रेग मैक्रे का हाथ है। अब जवान में उनकी भागीदारी ने टीम के कद को और ऊंचा कर दिया है।केचा खम्फकडी ने हिंदी सहित कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु और अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया है।वह मुख्य रूप से प्रभास की बाहुबली 2 में अपने प्रभावशाली योगदान के लिए जाने जाते हैं, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

इनके अलावा शेरशाह, सूर्यवंशी और पठान जैसी फिल्मों में एक्शन सीन से अपनी छाप छोडने वाले सुनील रोड्रिग्स ने भी जवान में जबरदस्त एक्शन फिल्माया है।अनल अरासु की बात करें तो वह फाइट मास्टरध्एक्शन कोरियोग्राफर हैं, जो तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी फिल्मों में काम करते हैं।वह सलमान खान की सुल्तान और किक सहित कई फिल्मों में एक्शन कराने के लिए मशहूर हैं।अब इन एक्शन निर्देशकों को एटली अपनी फिल्म के लिए साथ में लेकर आए हैं।

जवान गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह–निर्मित रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की फिल्म है।यह फिल्म 7 सितंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में दुनियाभर में रिलीज होगी।फिल्म में पहली बार शाहरुख की जोड़ी नयनतारा के साथ बनी है, जिन्हें साउथ की लेडी सुपरस्टार कहा जाता है।फिल्म में सान्या मल्होत्रा, विजय सेतुपति, सुनील ग्रोवर शामिल हैं और दीपिका पादुकोण का कैमियो है।इसके बाद शाहरुख राजकुमार हिरनी की फिल्म डंकी में तापसी पन्नू के साथ दिखेंगे।



# शिल्पा शेट्टी ने किया अपनी नई फिल्म सुखी का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की अपकमिंग फैमिली एंटरटेनर फिल्म सुखी 22 सितंबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म के निर्देशक सोनल जोशी हैं। सुखी 38 वर्षीय पंजाबी गृहिणी सुखप्रीत सुखी कालरा और उसके दोस्तों की कहानी है, जो 20 साल बाद अपने स्कूल रियूनियन में भाग लेने के लिए दिल्ली जाते हैं।

फिल्म में सुखी ढेर सारे अनुभवों और भावनाओं से गुजरते हुए, एक पत्नी और एक मां के बाद फिर से अपने 17 वर्षीय वर्जन को जी रही हैं। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर अपकमिंग फिल्म का पोस्टर शेयर किया और लिखा, ये कहानी है मेरी, आपकी, हम सबकी। मिलिए आपकी ही जैसी, सुखप्रीत कालरा यानी की सुखी से और आइए मेरी दुनिया में, 22 सितंबर सिर्फ सिनेमाघरों में।

यह फिल्म सोनल जोशी के निर्देशन की पहली फिल्म है और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विक्रम मल्होत्रा और शिखा शर्मा द्वारा निर्मित है। इसमें शिल्पा के साथ कुशा कपिला, दिलनाज ईरानी, पवलीन गुजराल, चौतन्य चौधरी और अमित साध हैं। फिल्म को राधिका आनंद ने लिखा है, जबकि स्क्रीनप्ले पॉलोमी दत्ता ने लिखी है। फिल्म का निर्माण शेरनी, छोरी और जलसा, टी–सीरीज और अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है।

# धनिया पत्ती सेहत के लिए वरदान, खाली पेट खाने से मिलते हैं ये फायदे



धनिया के पत्ते भारतीय रसोई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. ये न केवल व्यंजनों को स्वादिष्ट बनाते हैं, बल्कि उन्हें सेवन करने से स्वास्थ्य के अनेक लाभ भी होते हैं. खासकर, जब आप सुबह–सुबह खाली पेट धनिया के पत्ते खाते हैं, तो इसके स्वास्थ्य पर अधिक फायदे होते हैं. धनिया पत्तियों में से भरपूर पोषक तत्व, विटामिन, और मिनरल्स शरीर के अंदर सीधे पहुंचते हैं जो शरीर की कई प्रक्रियाओं में सहायक होते हैं. आइए देखते हैं यहां धनिया पत्ती के सेवन के मुख्य फायदेरू

1. पाचन में सुधारः धनिया पत्ती पाचन में सहायक होती हैं. खाली पेट धनिया पत्ती का सेवन करने से पेट साफ रहता है और गैस की समस्या कम होती है.

2. शरीर का डिटॉक्सीफिकेशनः खाली पेट धनिया पत्ती में एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं जो शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं.

3. प्रतिरोध प्रणाली की मजबूतीः खाली पेट धनिया पत्ती विटामिन ष्ट से भरपूर होती है, जो शरीर की प्रतिरोध प्रणाली को मजबूती प्रदान करता है.

4. हृदय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता हैः खाली पेट धनिया पत्ती ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में सहायक होती है और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी संतुलित रखने में मदद करती है. 5. जोड़ों की सूजन और दर्द में राहतः खाली पेट धनिया के पत्तों में एंटी–इंफ्लैमेटरी गुण होते हैं जो जोड़ों की सूजन और दर्द में राहत प्रदान करते हैं. 6. ताजगी और ऊर्जाः खाली पेट धनिया पत्ती का सेवन करने से दिन की शुरुआत में ताजगी और ऊर्जा महसूस होती है.

7. वजन नियंत्रण में फायदेमंद : धनिया पत्ती का सेवन मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने में मदद करता है जिससे वजन नियंत्रित रहता है. धनिये के पत्तों को खाली पेट चबाने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है.

8. रक्त शुद्धिकरण में सहायक : धनिया खून को शुद्ध करने में मदद करता है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है जो रक्त को शुद्ध करते हैं. खाली पेट धनिया खाने से शरीर का रक्त स्वच्छ बना रहता है.